# कोविड नियमों का अनुपालन व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का प्रयोग करें: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य के लोगों से कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनने का आग्रह किया है, ताकि इस वायरस को फैलने से रोका जा सके। मुख्यमंत्री गत सायं यहां इंडियन एसोसिएशन ऑफ पार्लियामेंटेरियन ऑन पॉपुलेशन एंड डेवलपमेंट आईएपीपीडी द्वारा आयोजित भारत में महामारी के दौरान और उसके बाद स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हिमाचल प्रदेश के विधायकों की मजबूत भूमिका विषय पर आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है और अब समाज को कोरोना वायरस के साथ जीना सीखना होगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार लोगों को विशेष चिकित्सा देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इन सुधारों के सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों को विश्व स्तरीय बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का समावेश किया जाएगा ताकि लोगों को घर-द्वार पर आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज टांडा और आईजीएमसी शिमला में अगले छह महीनों में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इससे न केवल मरीजों के कीमती समय की बचत होगी बल्कि इससे सटीक परिणाम भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी शिमला में पैट ब्लॉक का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज टांडा में पैट स्कैन मशीन लगाने के लिए 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आईजीएमसी शिमला में ट्रॉमा सेंटर के साथ 175 बिस्तरों वाली चिकित्सा आपातकालीन सुविधा स्थापित करने के लिए सरकार ने 11 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि चम्बा और हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालयों के भवन निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है और इस वर्ष इनके पूरा होने की सम्भावना है, जिससे इन क्षेत्रों के लोगों को घर के नजदीक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने व्यवस्था में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के दृष्टिगत स्वास्थ्य संस्थानों में दवाइयां, उपकरण और मशीनरी की खरीद के लिए चिकित्सा सेवा निगम का भी गठन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित करने के लिए विभिन्न कल्याणकारी और जनहितकारी निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता को दी गई सभी गारंटियों को चरणबद्ध ढंग से पूरा करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है और हरित बजट इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार राज्य के स्वच्छ वातावरण को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदूषण उत्सर्जन की जांच के लिए कई पहल की गई हैं जो जलवायु परिवर्तन की समस्या को कम करने में दूरगामी सिद्ध होंगी। इससे पहले आईएपीपीडी की उपाध्यक्ष विप्लव ठाकुर ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और एसोसिएशन की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

## 18 की आयु पूरी कर चुके युवा मतदाता सूची में दर्ज कराएं नाम: रजनेश कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम नाहन रजनेश कुमार ने 56-नाहन विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूचियों के प्रकाशन की सूचना जारी करते हुए कहा है कि प्रथम अप्रैल, 2023 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि जो युवा-युवतियां पहली अप्रैल 2023 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के हैं तो वह फोटोयुक्त पहचान पत्र बनवाने के लिये निर्धारित प्रपत्र पर भर कर आवेदन करें। रजनेश कुमार ने कहा कि प्रदेश के दूसरे निर्वाचन सभा क्षेत्रों के साथ 56-नाहन विधानसभा क्षेत्र में 05 अप्रैल, 2023 को फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। उन्होने बताया कि दावे व आक्षेप 05 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सभी मतदान केन्द्रों व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों में प्रस्तुत किए जा सकेगे। सभी मतदान केन्द्रों पर 8, 9, 15 व 16 अप्रैल को विशेष अभियान की तिथियां रहेगी। दावे अथवा आक्षेपों का निपटारा 28 अप्रैल, 2023 से किया जाएगा जबकि 10 मई 2023 को फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि 05 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2023 तक की अवधि में फोटोयुक्त मतदाता सूचियां संबंधित मतदान केंद्रों पर निशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

## सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों और अन्य संस्थानों में मनाया आपदा जागरूकता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

आपदा जागरूकता दिवस जिला के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों और अन्य संस्थानों जैसे आईटीआई, नर्सिंग संस्थानों और पॉलिटेक्निक संस्थान में मनाया। आज जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कुल्लू के द्वारा 4 अप्रैल 1905 में



कांगड़ा में भूकंप से हुई त्रासदी से सीख लेते हुए आपदा जागरूकता दिवस जिला के सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों और अन्य संस्थानों जैसे आईटीआईए नर्सिंग संस्थानों और पॉलिटेक्निक संस्थान में मनाया। इस दिन की याद में और विभिन्न स्कूलों में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें मॉक ड्रिल्स करवाई गई, स्किट प्रतिस्पर्धा और भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस श्रृंखला में पॉलिटेक्निकल संस्थान, सेऊबाग में मॉक ड्रिल और जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें भूकंप के दौरान विभिन्न सावधानियों को बरतने के तरीकों का विस्तृत विवरण दिया गया तथा प्राथमिक उपचार के तरीकों को भी बताया गया। इस कार्यक्रम में इस शिक्षण संस्थान के लगभग 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा अध्यापकों ने भी इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वयक, प्रशांत ने कहा कि आपदाओं का खतरा 1905 से भी ज्यादा है और नुकसान होने की संभावना उससे भी ज्यादा। इसलिए हर एक व्यक्ति को आपदा प्रबंधन पर अधिक गौर करने की जरूरत है।

## पावंटा साहिब में 6 अप्रैल को मनाया जाएगा भव्य हनुमान जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पावंटा साहिब में विश्व हिन्दू परिषद की प्रचण्ड युवा शक्ति बजरंग दल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से 06 अप्रैल को मनाया जा रहा है, जिसके लिए बजरंग दल के सदस्यों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। जानकारी देते हुए बजरंग दल से पवन पुत्र अतिकांत वर्मा ने बताया की श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभअवसर पर शौर्य संचलन श्री हनुमान चालीसा पाठ और इसके साथ ही सामूहिक महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया की हनुमान वो वीर है जिनके आरम्भ




का कोई अंत नहीं इनसे बड़ा कोई पराक्रमी नहीं इनसे बड़ा कोई संत नही है। पहले सभी बांगरण शिव मंदिर में एकत्रित होंगे जिसके तदोपरान्त सभी राष्ट्रभक्त, और रामभक्तों से शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## बच्चों के जीवन में पोषण का बताया महत्व

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

बाल विकास परियोजना अधिकारी, मण्डी-सदर द्वारा चलाया गया पोषण पखवाड़ा सम्पन्न हो गया। खंड स्तरीय पोषण पखवाड़े के समापन समारोह की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य चम्पा ठाकुर ने की। इस अवसर पर उन्होंने पोषण पखवाड़े के लाभार्थी के नवजात शिशु का अन्नप्राशन करवाया तथा अभियान के दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने इस वर्ष की पोषण पखवाड़े की थीम मोटे अनाज पर आधारित खाद्ध सामग्री की प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी मंडी सदर कुंदन हाजरी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा




पोषण अभियान के तहत मनाए गए पोषण पखवाडे की विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से राकेश यादव ने उपस्थित सभी लोगों को बच्चों के जीवन में पोषण के महत्व तथा हमारे जीवन में मोटे अनाज की महता पर प्रकाश डाला। नरेश कुमार बाल विकास परियोजना मण्डी-सदर कार्यालय द्वारा मुख्य अतिथि व अन्य सभी लोगों का समारोह में भाग लेने तथा इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना, मण्डी-सदर के अंतर्गत कार्यरत समस्त पर्यवेक्षकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकताओं व आंगनबाड़ी सहायिकाओं ने भाग लिया।

## न्यूज फ्लैश

### गले-सड़े दूषित फल और सब्जियां बेचने पर प्रतिबंध: आर के गौतम

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला दण्डाधिकारी आरके गौतम ने ग्रीष्मकाल व बरसात के दौरान हैजा, आंत्रशोथ, डायरिया तथा दस्त इत्यादि बीमारियों के प्रसार के खतरे के दृष्टिगत जिला में गले-सड़े व दूषित फल, सब्जियां तथा खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किये हैं। आदेश में कहा गया है कि धूल अथवा मक्खियों के कारण दूषित खाद्यान्न, गले-सड़े अधिक कम व अधिक पके फल व सब्जियां, शीशे के कवर से न ढके खाद्य पदार्थ मिठाईयां इत्यादि, धूल अथवा मक्खियों के कारण दूषित हो रहे मीट, मिठाई, मछली, बिस्कुट, दूध, कोल्ड ड्रिंक को बेचने पर प्रतिबंध लगाया गया है। एनालिस्ट के प्रमाण पत्र के बिना आईस कैण्डीज, आईसक्रीम तथा अन्य खाद्य वस्तुओं जो स्वास्थ्य के नुकसान पहुंचा सकती हैं, की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इन आदेशों का उल्लंघन करने पर कानूनन जुमार्ना अथवा सजा का प्रावधान है।

खाद्य व पेय पदार्थों की निगरानी तथा निरीक्षण के लिये जिला दण्डाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारियों, नागरिक अथवा ग्रामीण अस्पतालों के प्रभारियों, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, फूड सेफ्टी अधिकारी, नगर परिषदों व नगर पंचायतों के निरीक्षक एवं सैनिटरी इंस्पेक्टर तथा सिरमौर जिला के समस्त कार्यकारी मैजिस्टेऊट को दुकानों, मण्डियों, भवनों अथवा निर्माण स्थलों का निरीक्षण करने तथा स्वास्थ्य के लिये हानिकारक फल, सब्जियों, मीट, दूध दही व पेय पदार्थों को मौके पर इनका निस्तारण करने के लिये प्राधिकृत किया है। जिला दण्डाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि सरकारी अथवा निजी जल संग्रहण टैंक पूरी तरह से साफ होने चाहिए तथा इनमें ब्लिचिंग पाउडर अथवा क्लोरिनेशन किया जाना चाहिए। इस संबंध में आम जनता से भी सहयोग करने की अपील की गई है।

### 2 छात्राओं की पपलोग और छात्रों की जोगिंदर नगर आईटीआई में होगी खेल प्रतियोगिता

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की जिला स्तरीय प्रतियोगिता गत माह आयोजित करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता में सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों के छात्र छात्राएं भाग लेंगें। यह जानकारी मंडी आईटीआई के प्रिंसिपल ईग्रविंद्र सिंह बनयाल ने दी। उन्होंने बताया कि सरकारी और गैर सरकारी आईटीआई के छात्रों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आईटीआई पपलोग में और वूमेन आईटीआई की छात्राओं की प्रतियोगिता आईटीआई जोगिंद्रनगर में आयोजित की जाएगी।

## राज्य स्तरीय जोगिंद्रनगर मेला की अंतिम संध्य में जमकर झूमे श्रोता

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

स्तरीय देवता मेला जोगिंद्रनगर की चौथी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या में पंजाबी गीतों और पहाड़ी नाटियों का खूब तडका लगा। इस संध्या में पंजाबी गायक दीप ढिल्लो और जैसमिन जस्सी सहित डूंगे नालू, फेम विक्की राजटा ने बतौर स्टार परफार्मर शिरकत की और अपने गीतों द्वारा लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इस संध्या में रूस की अंर्तराष्ट्रीय डांसर एडीना ने रशियन डांस से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया जबकि कामेडियन ड्रूषप्रस गर्ग ने भी अपने लतीफों से लोगों को हंसी से लोटपोट किया। संध्या का





शुभारंभ रोजाना की तरह सूरजमणि के शहनाई वादन से हुआ। प्राईम टाईम में पंजाबी कलाकार दीप ढिल्लो व जैसमिन जस्सी ने किन्ने वजे हाजरी लवां तेरे कौल चन्ना दस तां सही, किस्मत दे नाल मिलदा कमलि, प्यार बुजुर्गां दा, गबरू न मुड जेही फुटदी हुंदी जांवा मैं जवान मितरा, ऐह ता नजरां लवाण वाले कम्म बल्लि, सहित अन्य पंजाबी गीत गाकर लोगों का मनोरंजन किया। पहाड़ी गायक विक्की राजटा ने डूंगे नालुए सहित डाठू वाली कमलुए, डूंगे नालू रा पानी, कुपड़ी मामा व रोहडू.जाना मेरी आमिए सहित अन्य पहाड़ी नाटियां गाकर युवा वर्ग को खूब झुमाया। इसके अतिरिक्त इस संध्या में अयूब खान, अमनदीप म्यूजिकल्स, अमित मीतू, जैकब, परी म्यूजिकल गुंप, रवि कुमार, लच्छिया राम, सुभाष ठाकुर, बब्बी मान, रणजीत ङ्खसह, शिवम ठाकुर व विकास शर्मा ने भी अपने गीतों के द्वारा लोगों का मनोरंजन किया। चौथी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या में ए.डी.एम मंडी अश्वनी कुमार व ए.सी. टू डी.सी राकेश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया जिन्हें मेला कमेटी की ओर से एस.डी.एम कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। चौथी व अंतिम संध्या में नप अध्यक्ष प्रेरणा ज्योति, उपाध्यक्ष प्यार चंद, तहसीलदार जोगिद्रनगर डॉ. मुकुल अनिल शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 20 अप्रैल को होगी जिला परिषद की साधारण बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

कार्यकारी जिला पंचायत अधिकारी एवं सचिव जिला परिषद यशपाल शर्मा ने कहा है कि जिला परिषद शिमला की साधारण बैठक 20 अप्रैल 2023 को सुबह 11 बजे बचत भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की अभिपुष्टि, लंबित विषयों पर चर्चा सहित सदस्यों की ओर से प्रस्तुत प्रश्नों एवं प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा जिला की ग्राम पंचायतों की मनरेगा की शैल्फों को पारित करने पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## हिमाचल दिवस पर मंडी के सेरी मंच पर होगा जिला स्तरीय समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

76वां हिमाचल दिवस का जिला स्तरीय समारोह 15 अप्रैल को मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह करेंगे। यह जानकारी बुधवार को समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्विनी कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण मंत्री सुबह 11 बजे ध्वजारोहण कर भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगेए




परेड का निरीक्षण करेंगे और अपना शुभ संदेश देंगे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। एडीएम ने कहा कि जिला स्तरीय हिमाचल दिवस के आयोजन पर पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, गृह रक्षक, होमगार्ड बैंड सहित अन्य द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया जाएगा। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी लोक संस्कृति और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

एडीएम ने आयोजन से जुड़े पुलिस, नगर निगम, जल शक्ति विभाग, विद्युत बोर्ड, शिक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समारोह के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। बैठक की कार्यवाही का संचालन सहायक आयुक्त राकेश शर्मा ने किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा नगर निगम चुनावों की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण बैठक का करेगी आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा नगर निगम शिमला के चुनाव प्रभारी, पूर्व मंत्री एवं विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि कल भाजपा नगर निगम चुनावों की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन करने जा रही है, इस बैठक का आयोजन भाजपा प्रदेश मुख्यालय दीप कमल चक्कर शिमला में दोपहर 2 बजे किए जाएगा।

इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप विशेष रूप में उपस्थित रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं में नगर निगम चुनावों को लेकर अद्भुत जोश है और हाल ही में भाजपा ने सभी 34 वार्डों में प्रवासी प्रभारी, प्रवासी सह प्रभारी एवं वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति की है इसके बाद सभी वार्डों में क्रमशः कार्यकताओं के साथ बैठकों का आयोजन भी किया जा रहा है। पिछले कल ही भाजपा के नवनियुक्त प्रवासी प्रभारियों ने शिमला शहर के 19 वार्डों में आयोजित विभिन्न बैठकों में भाग लिया है। कल की



आगामी बैठक में सभी 34 वार्डों के प्रवासी प्रभारी, प्रवासी सह प्रभारी एवं वार्ड प्रभारी भाग लेने जा रहे हैं। इस बैठक में सभी नेताओं को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से भाजपा शासित नगर निगम ने आपने कार्यकाल में शिमला शहर में कार्य किया है उसका आने वाले चुनावों में बड़ा लाभ मिलेगा,

चाहे अमरूत मिशन की बात करें या स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की बात करें दोनों बड़े प्रोजेक्ट भाजपा द्वारा लाए गए हैं और उनको धरातल पर उतारा गया है।

## डॉ. विपन कालिया की अध्यक्षता में पेंशनर्स की बैठक संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पेंशनर वैलफेयर एसोसिएशन पांवटा साहब की बैठक डॉ विपन कालिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महासचिव डॉ टी.पी.सिंह ने बताया कि बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें सदस्यों में गहरा रोष व्यक्त किया। सेवा निवर्ति वाले पैंसनरस के वेतन एवं पैंसन निर्धारण के केस महिलेखाकार कार्यालय में तथा 2016 के पूर्व के केस जो कि 8-9-2022 के सरकार के ज्ञापन अनुसार संशोधित होने है वे भी लम्बित है तथा सरकार भी इस विषय में असंवेदनशील प्रतीत हो रही है। छठे वेतन आयोग के अनुसार की गई पैंसन बढोतरी का



एरियर पिछली सरकार ने 20प्रतिशत या उससे कम दिया है तथा 80 प्रतिशत या उससे ज्यादा देय है परन्तु सरकार के गठन के लगभग 4 माह हो गये हैं परंतु कोई चर्चा तक नहीं हो रही जिससे पैंसनरस में निराशा पनप रही है। चिकित्सा बिलों का भुगतान भी समयबद्ध नहीं हो रहा है। फिक्स चिकित्सा भत्ता पंजाब पद्धति पर 1000/ प्रति माह किए जाने के बारे भी निर्णय किया जाना शेष है। आयु भत्ता पिछली सरकार ने 5,10व15 प्रतिशत नयी पैन्सन पर अक्तूबर 2022 से दिया है जिसे पंजाब पद्धति पर मूल पैन्सन के रूप में दिया जाना चाहिए था। आशा थी कि नयी सरकार सकारात्मक कार्य करेगी परन्तु उसमें भी निराशा हाथ लगी है। सदस्यों ने जिला कोष अधिकारी नाहन से अनुरोध किया कि बकाया एरियर के विवरण ई पैंसन पोरटल पर डाल दे जिससे पैंसनरस अवगत हो किरपाल शिला गुरु द्वारा व डी.ए.वी स्कूल के बीच सीवर लाइन लीक कर रही है तथा बदबू के कारण आस पास के लोगों को बड़ी कठिनाई हो रही है तथा बिमारी फैलने की संभावना है इसे तुरंत ठीक करना आवश्यक है।

डॉ विपन कालिया, डॉ.टीपी सिंह, एमआइ खान, पीसी शर्मा, एन. एस.सैनी, बीएस नेगी, बलबीर सिंह, डॉ राकेश बेदी, डॉ के के घड़ा, सतपाल सिंह, यशपाल सिंह, मधुबाला बेदी, अनीता देवी, डॉ टी.आर. शर्मा, शान्ति स्वरूप गुप्ता, सुन्दर लाल मेहता, पी.एन. गुप्ता, सतपाल, प्रीतो देवी, भजन सिंह बैंस व इन्द्र पाल सिंह वालिया आदि मौजूद रहे।

## 8 अप्रैल को बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

सहायक अभियंता अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 अप्रैल को विद्युत उपमंडल चंबा-2 के 33/11 केवी सब-स्टेशन के अंतर्गत आने वाले 11 केवी ओल्ड साहू फीडर की आवश्यक मुरम्मत व रख रखाव हेतु विद्युत आपूर्ति सुबह 09 बजे से सांय 05 बजे तक या कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत आने वाले गाँव ककियां, फुलनूटाला, बाड़ीदेहरा, काक्डोलु, भुज्जा, ऊटीप, बाडका, आदि के आसपास विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने यह भी बताया कि रखरखाव व मरम्मत का कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

# हिमाचल दिवस पर अग्निहोत्री करेंगे ध्वजारोहण

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
हिमाचल दिवस का जिला स्तरीय समारोह नाहन के ऐतिहासिक चैगान मैदान में आगामी 15 अप्रैल को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री इस अवसर पर ध्वजारोहण करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त आर.के. गौतम ने हिमाचल दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उनके कार्यालय सभागार में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि उप-मुख्यमंत्री प्रातः ठीक 11 बजे ध्वजारोहण करेंगे तथा पुलिस, होम गार्ड, आईटीबीपी, एनसीसी, एनएसएस के जवानों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। मार्च पास्ट की रिहर्सल नाहन चैगान में 11, 12 व 13 अप्रैल को होगी। उप-मुख्यमंत्री इससे पूर्व डॉ.यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्वाजंलि अर्पित करेंगे और इसके



उपरांत शहीदी चैक पर शहीदों को श्रद्वाजंलि देंगे। इस अवसर पर उनके साथ स्थानीय विधायक तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहेंगे। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश व जिला में हुई प्रगति पर मुख्य अतिथि का संबोधन होगा। इसके उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा जो समारोह के मुख्य आकर्षणों में होगा। उन्होंने जिला लोक सम्पर्क अधिकारी प्रेम ठाकुर को स्कूली छात्र-छात्राओं व नर्सिंग संस्थानों के प्रशिक्षुओं का एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार करवाने को कहा। समारोह में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाहन, पदमावती नर्सिंग संस्थान, एवीएन पब्लिक स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, राजकीय नर्सिंग मेडिकल कॉलेज डाईट तथा एसबीएन पब्लिक स्कूल की छात्र-छात्राएं प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा पड़ौसी राज्यों की संस्कृति को दशार्ते हुए कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। आरके गौतम ने कहा कि मुख्य अतिथि इस अवसर पर मार्च पास्ट के कन्टींजेंटसए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्कूलों व संस्थानों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को सम्मानित भी करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल एसडीएफ ए हॉल में 12 अप्रैल को प्रातः 11 बजे रखी गई है। उन्होंने स्कूलों व अन्य संस्थानों से अपील की है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरी तरह से लाईव होना चाहिए और पेन ड्राईव, लैपटॉप अथवा मोबाइल पर गाना चलाने की अनुमति नहीं होगी। उपायुक्त ने जिलावासियों से हिमाचल दिवस समारोह में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को भी स्टेशन न छोड ? तथा समारोह में सम्मिलित होने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक की कार्यवाही का संचालन उपायुक्त के सहायक आयुक्त विवेक शर्मा ने किया।पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा, एसडीएम रजनेश कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारियों के अलावा विभिन्न सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य व प्रधानाचार्य बैठक में उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक आपदाओं की पूर्व घटनाओं से ली जानी चाहिए सीख: डीसी राणा

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
उपायुक्त डीसी राणा ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बेहतर राहत एवं बचाव कार्यों के लिए भूतकाल में हुई घटनाओं से सीख ले कर लेकर भविष्य की योजना तैयार की जानी चाहिए। वे वर्ष1905 के दौरान कांगड़ा भूकंप की 118 वीं बरसी एवं भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी एवं जागरूकता के लिए बचत भवन में आयोजित एक दिवसीय गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1905 के दौरान कांगड़ा घाटी में भूकंप त्रासदी से काफी जानमाल का नुकसान हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि चंबा जिला भूकंप की दृष्टि से अतिसंवेदनशील जोन 5 में शामिल है, ऐसे में जिला वासियों को भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा से राहत एवं बचाव से



संबंधित सभी पहलुओं का भली-भांति ज्ञान होना आवश्यक है। लोगों में जागरूकता और जानकारी गतिविधियों की आवश्यकता पर जोर देते हुए डीसी राणा ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान लोग कैसा व्यवहार रखें और क्या करें क्या ना करें इसका भी भलीभांति ज्ञान होना आवश्यक है। उन्होंने भूकंप रोधी भवन निर्माण आह्वान करते हुए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा निर्धारित मापदंडों का पालन सुनिश्चित बनाने को भी कहा।

इस दौरान संस्था डूअर्स के विशेषज्ञ नवनीत यादव ने डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से भूकंप आपदा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, कमांडेंट होमगार्ड अरविंद चौधरी, सहायक आयुक्त मनीष चौधरी, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी अनिल पुरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राकेश कुमार, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश चंद सहित विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### टूटी उखड़ी संकरी सड़कों के कारण दम तोड़ता सिरमौर का टूरिज्म

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
प्रदेश का जिला सिरमौर पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाओं के बावजूद पर्यटकों को आकर्षित कर पाने में नाकाम साबित हुआ है। जिला सिरमौर ना केवल आंतरिक, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को अपनी ओर खींचने का जबरदस्त मदरसा रखता है बल्कि कुल्लू, मनाली, शिमला जैसे विकसित पर्यटन क्षेत्रों से भी कहीं ज्यादा आकर्षण रखता है।

इस नाकामी की सबसे बड़ी वजह अविकसित सडकें बन रही हैं। टूटी-उखड़ी तथा संकरी सडकें जान को जोखिम में तो डालती ही है साथ ही पर्यटक भी इनकी हालत देखकर कन्नी काट जाता है। बता दें कि पर्यटन की सफलता सुविधाओं के विकास पर निर्भर करती है। जबकि ना केवल भाजपा सरकार के दौरान बल्कि कांग्रेस सरकार में भी इस जिला के जनप्रतिनिधि राष्ट्रीय स्तर पर बड़े ओहदेदार हैं। मौजूदा सरकार में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान सिरमौर से ही ताल्लुक रखते हैं तो वहीं शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद और प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सुरेश कश्यप भी इसी जिला से हैं। यही नहीं पूर्व सरकार में ऊर्जा मंत्री रहे सुखराम चौधरी और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रहे डॉ.राजीव बिंदल भी इसी जिला से ताल्लुक रखते हैं। हैरानी तो इस बात की यह भी है कि हिमाचल के निमार्ता स्वर्गीय डॉ.वाईएस परमार भी इसी जिला की देन रहे हैं। बावजूद इसके सिरमौर आज भी पर्यटन के क्षेत्र में सबसे पिछड़ा हुआ कहा जा सकता है। अब आप यह भी जानकर हैरान हो जाएंगे कि राज्य पर्यटन विकास निगम के द्वारा एक बेहतर व्यवस्था भी यहां विकसित की हुई है बावजूद इसके अतिथि को एक बेहतर सडक हवाई मार्ग अथवा रज्जू मार्ग आदि दे पाने में नाकाम है। बता दें कि जिला में 140 होटल, 109 होमस्टे और 100 से अधिक रेस्टोरेंट भी है। यही नहीं पर्यटकों की सुविधा के लिए 19 ट्रेंड गाइड तथा 20 ट्रैवल एजेंट पर्यटन विभाग में और रजिस्टर्ड हैं। जिला सिरमौर ना केवल सामान्य पर्यटक को आकर्षित करता है बल्कि व्यवसायिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक, इको टूरिस्ट, धार्मिक, साहसिक, वाइल्ड लाइफ आदि पर्यटन के विभिन्न प्रकारों को आकर्षित कर पाने के लिए दमदार भूमिका निभा सकता है।

### आईपीएल के लिए हिंदवेयर लिमिटेड ने पंजाब किंग्स-रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ की साझेदारी

**शिमला**: इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), जो कि सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक और दुनियाभर में क्रिकेट फैंस के लिए एक खास कार्यक्रम है,31मार्च, 2023 से अपने16 वें एडिशन की शुरूआत कर



चुका है ।इसके साथ ही हिंदवेयर लिमिटेड, जो कि कम्पलीट बाथरूम सोल्यूशंस में एक लीडर है ने, आगामी 2023 सीजन के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की दो सबसे बड़ी टीमों पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है ।यह स्ट्रेटेजिक साझेदारी हिंदवेयर को देश भर के क्रिकेट फैंस के साथ अपने ब्रांड की विजिबिलिटी और इंगेजमेंट को मजबूत करने में सक्षम बनाएगी। सुधांशु पोखरियाल, चीफ एक्सिक्यूटिव ऑफिसर, बाथ एंड टाइल्स, हिंदवेयर लिमिटेड ने कहा‟क्रिकेट एक ऐसा खेल है जो पूरे देश को एक थ्रिलिंग (रोमांचकारी) स्पोर्टिंग एक्शन से जोड़ता है जो कि दुनियाभर के तमाम भारतीयों के लिए किसी दावत से कम नहीं है। हम पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ जुड़कर बेहद खुश हैं। इस सिनर्जिक पार्टनरशिप के जरिये, हम अपने दर्शकों के साथ और अधिक जुड़ने की आशा करते हैं ।इसके अलावा हमें पूर्ण विश्वास है कि यह साझेदारी हमें अपने ब्रांड की उपस्थिति को मजबूत करने और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाथरूम सोल्यूशन के मार्किट में ग्रोथ (विकास) को गति देने में मदद करेगी। चारू मल्होत्रा, वाईस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग, हिंदवेयर लिमिटेड ने कहा, आईपीएल 2023के लिए पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के साथ इस साझेदारी को करके हम बेहद रोमांचित महसूस कर रहे हैं ।इसके साथ ही यह साझेदारी हिंदवेयर को देशभर के लाखों क्रिकेट फैंस के साथ जुड़ने का एक अनूठा अवसर भी प्रदान करती है। हमें पंजाब किंग्स और आरसीबी के साथ इस साझेदारी को करने को लेकर बेहद गर्व है साथ ही हम दोनों टीमों को आने वाले सीजन के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# राज्यपाल ने पौष्टिक अनाज पर पुस्तिकाएं जारी कीं



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति प्रो.एच.के.चौधरी ने गत दिवस राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कृषि विश्वविद्यालय द्वारा हिमाचल प्रदेश के महत्वपूर्ण पौष्टिक अनाज पर प्रकाशित पांच पुस्तिकाओं का विमोचन किया। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल में उगाए जाने वाले पौष्टिक अनाज को वृहद स्तर पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कुलपति को इस दिशा में काम करने और ऐसे किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए।

# आपदा प्रबंधन पर राजकीय महाविद्यालय परिसर में मॉक ड्रिल आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वाधान में वर्ष 1905 के दौरान कांगड़ा भूकंप की बरसी एवं भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी एवं जागरूकता के लिए राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा में एनडीआरएफ राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के सहयोग से भूकंप पर आधारित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। समापन सत्र में उपायुक्त डीसी राणा ने मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया। डीसी राणा ने विद्यार्थियों से आपदा प्रबंधन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित



बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य प्राकृतिक आपदा एवं जोखिम के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा आपदाओं से निपटने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है, जागरूक बनकर जानकारी प्राप्त करना और सावधान रहना। इससे पहले प्रातः 10:30 बजे भूकंप मॉक ड्रिल को शुरू किया गया। ट्रिगर दबाकर सूचना दी गई कि चंबा शहर में 7.2 तीव्रता वाला भूकंप आया है। भूकंप से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा के भवन को काफी क्षति हुई है और इसमें सात व्यक्ति फंसे हुए दशार्या गए। इसके उपरान्त त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी हितधारक विभागों और आपदा प्रबंधन दलों द्वारा स्टेजिंग एरिया में एसडीएम चंबा अरुण शर्मा की अगुवाई में राहत एवं बचाव कार्य से संबंधित प्रक्रिया का संचालन शुरू किया। एनडीआरएफ , होमगार्ड, पुलिस व फायर ब्रिगेड के दलों को घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के लिए भेजा गया। बचाव दलों ने सात फंसे हुए व्यक्तियों को रेस्क्यू किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टेजिगं एरिया में अस्थाई चिकित्सालय भी संचालित किया गया इसमें घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम ने राहत एवं बचाव के लिए उपयोग होने वाले उपकरणों की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी। और उन्हें भूकंप जैसी आपदा से निपटने के लिए महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में अवगत कराया। आपदा प्रबंधन पर कार्यरत संस्था डूअर्स के विशेषज्ञ ने भूकंप आपदा पर आधारित राहत एवं बचाव कार्यों और डिजास्टर प्रिपेरेडनेस से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी की।

# मांगों को लेकर डीसी दरबार पहुंचे जल रक्षक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति के लिए ग्राम पंचायतों के तहत रखे गए जल रक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद की है। बुधवार को जल रक्षक संघ के जिला अध्यक्ष इकबाल सिंह की अगुवाई में जिला भर से दर्जनों जल रक्षकों ने डीसी कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। जिला प्रशासन के माध्यम से यह ज्ञापन प्रदेश सरकार को प्रेषित किया गया है जिसमें जन रक्षकों ने अपनी तमाम मांगों का उल्लेख भी किया है। जल रक्षक संघ के जिला अध्यक्ष इकबाल सिंह ने

**8 ज्ञापन भेजकर लगाई मांगे पूरी करने की गुहार, पार्ट टाइम पीरियड को 12 से घटाकर 8 वर्ष करें सरकार**

कहा कि ग्राम पंचायतों के तहत रखे गए जल रक्षकों के लिए सरकार को एक स्थाई पॉलिसी लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ग के कामगारों का पार्ट टाइम पीरियड 12 वर्ष किया गया है, जिसके बाद उन्हें अनुबंध के आधार पर लेने का प्रावधान है। इकबाल सिंह ने कहा कि 12 साल का यह समय बहुत लंबा है और ऐसे में जल रक्षकों के लिए कई परेशानियां खड़ी हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस मामले पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए पार्ट टाइम पीरियड को 12 से घटाकर 8 वर्ष करें। उन्होंने कहा कि जल रक्षकों को प्रतिमाह 4500 रुपए मानदेय के रूप में दिए जा रहे हैं। हालांकि पूर्व भाजपा सरकार के समय मानदेय में बढ़ोतरी करते हुए 500 रुपये जोड़े गए थे, लेकिन अभी तक उस फैसले को भी अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जल रक्षकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें सम्मानजनक मानदेय प्रदान करें।

# थानाकलां स्कूल में होगी राष्ट्रीय स्तरीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थ्रो बॉल फेडेशन की ओर से हिमाचल थ्रो बॉल ऐसासिएशन को राष्ट्रीय स्तरीय मुकाबले करवाने की मेजबानी मिली है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में 12 से 14 मई तक होने वाली राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में देश भर से करीब 800 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बुधवार को यह जानकारी थ्रो बॉल ऐसासिएशन जिला ऊना के सचिव यशवीर राणा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में महिला व पुरूष वर्ग के अलग-अलग मुकाबले खेले जाएंगे।

# मतदान केन्द्रों में 5 से 20 अप्रैल तक निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू//श्याम कुल्वी**
निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम 21 लाहौल और स्पीति ने सूचित किया है की निर्वाचक नामावली निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के अनुसार तैयार हो गई है और उसकी एक प्रति कार्यालय समय के दौरान एस डी एम कार्यालय में और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, उप मण्डलाधिकारी स्पिति स्थित काजा एवं उप मण्डलाधिकारी उदयपुर, जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त कार्यालय में तथा सम्बन्धित मतदान केन्द्रों में 5 से 20 अप्रैल 2023 तक निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी। निर्वाचक नामावली को तैयार किये जाने की अर्हता तिथि 1अप्रैल 2023 थी। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया की यदि पूर्वोक्त तिथि के सन्दर्भ में किसी नाम के सम्मिलित किए जाने के लिए कोई दावा या किसी नाम को सम्मिलित किए जाने बारे या सम्मिलित नाम की प्रविष्टियों के बारे में कोई आक्षेप हो तो वह 20 अप्रैल 2023 या इससे पूर्व प्ररूप 6, 7 व 8 में से जो समुचित हो उस पर पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो सहित संबंधित कार्यालय या मतदान केन्द्र में दावा या आक्षेप प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके अतिरिक्त यदि कोई भी पात्र नागरिक जो 1 जुलाई 2023 एवं 1 अक्तूबर 2023 की अर्हता तिथि 18 वर्ष या इससे अधिक की आयु पूर्ण कर रहा है, निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करवाने के लिए दिनांक 05 अप्रैल 2023 से 20 अप्रैल, 2023 तक प्रारूप 6 पर अपना आवेदन अग्रिम में भी प्रस्तुत कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि हर ऐसा दावा या आक्षेप कार्यालय समय के दौरान मेरे कार्यालय में सम्बन्धित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, उप मण्डलाधिकारी काजा एवं उप मण्डलाधिकारी उदयपुर, जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त, के कार्यालय में सम्बन्धित अभिहित स्थान सम्बन्धित मतदान केन्द्र पर नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाए अथवा संबंधित कार्यालय पते पर डाक द्वारा 20 अप्रैल तक मिले। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने यह भी बताया है कि अतिरिक्त विशेष अभियान की तिथियों अर्थात 8 व 9 अप्रैल 2023 तथा 15 और 16 अप्रैल, 2023 को भी दावा व आक्षेप सम्बन्धित मतदान केन्द्र पर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारी तथा राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेबल ऐजेण्टों के समक्ष भी प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

# मतदाता सूचियों में अपने नाम दर्ज करवाएं पात्र युवा : हेमराज बैरवा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने जिला के सभी नए पात्र युवाओं से अपने नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर के पांचों विधानसभा क्षेत्रों 36-भोरंज, 37-सुजानपुर, 38-हमीरपुर, 39-बड़सर और 40-नादौन की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण कार्य बुधवार से आरंभ कर दिया गया है। एक अप्रैल 2023 को अर्हक तिथि के आधार पर किए जा रहे



इस पुनरीक्षण कार्य के तहत जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के प्रारूप की प्रतियां आम जनता के निशुल्क निरीक्षण के लिए संबंधित एसडीएम, तहसील और उपतहसील कार्यालयों के अलावा बूथ लेवल अधिकारियों के पास भी उपलब्ध करवा दी गई हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने की अपील, 20 तक दर्ज करवाए जा सकते हैं दावे या आक्षेप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन सूचियों में नए पात्र लोगों के नाम शामिल करने के दावे, किन्हीं कारणों से स्थान छोड़ चुके या मृत लोगों अथवा अपात्र लोगों के नाम हटाने के संबंध में आपत्तियां और मतदाता सूचियों में शुद्धि करवाने के दावे निर्धारित प्रपत्रों पर 20 अप्रैल तक दाखिल किए जा सकते हैं। हेमराज बैरवा ने बताया कि जिला में सभी पात्र लोगों के नाम मतदाता सूचियों में शामिल करने के लिए 8 और 9 अप्रैल तथा 15-16 अप्रैल को विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। 20 अप्रैल तक प्राप्त होने वाले सभी दावों और आक्षेपों का निपटारा 28 अप्रैल तक कर दिया जाएगा और 10 मई को पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियां अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी जाएंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के वेबपोर्टल एनवीएसपी डॉट इन या मोबाइल ऐप वोटर हेल्पलाइन पर भी दावे या आक्षेप प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

# नशे के विरूद्ध स्कूलों में अभियान चलाये जाएंगे: आर.के.गौतम

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
उपायुक्त सिरमौर आर.के. गौतम ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को मिलकर ड्रग फ्र ी सोसायटी के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि ड्रग के सेवन से समाज में कई तरह की बुराइयां पनप रही हैं, हमारा युवा पीढ़ी नशे के कारण गलत रास्ते पर जा रहा है, ऐसे में आवश्यक है कि प्रशासन के साथ-साथ समाज के स्तर पर भी संयुक्त प्रयास किये जाएं ताकि समाज विशेषकर युवा पीढ़ी को नशे के चुंगुल से बचाया जा सके। उपायुक्त आज मंगलवार को नाहन में मादक द्रव्य समन्वय तंत्र समिति



एनसीओआरडी की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। आर.के. गौतम ने सभी सम्बन्धित विभागों से आग्रह किया कि नशे के विरूद्ध विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए जिला के सभी स्कूलों में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान में विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तृत से जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान में समाज के ऐसे लोगों के अनुभवों को किसी एनजीओ के माध्यम से सांझा किया जा सकता है जो नशा छोडकर समाज की मुख्य धारा में शामिल हो चुके हैं। उपायुक्त ने पुलिस, आबकारी एवं कराधान तथा अन्य सम्बन्धित विभाग को जिला में नशीलें पदार्थों के विक्रय को पूरी तरह रोकने के लिए तत्परता से कार्य करने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की जानकारी के अनुसार जिला के कुछ क्षेत्रों में ओपियम की गैर कानूनी खेती के मामले संज्ञान में आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ओपियम के उत्पादन, सेवन और विक्रय के बारे में सूचना देने वालों को पुलिस विभाग द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी और सूचना देने वाला का नाम भी गोपनीय रखा जाएग। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सिरमौर पुलिस विभाग द्वारा एक व्हटएसऐप नम्बर जारी किया जाएगा जिसमें यह गोपनीय सूचना दी जा सकती है। आर के गौतम ने कहा कि ओपियम के गैर कानूनी उत्पादन को रोकने के लिए उप-मंडल स्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है और यह समिति स्थानीय अथवा बीट स्तर पर एक छोटी कमेटी का गठन करेगी जो ओपियम के गैरकानूनी उत्पादन के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उपायुक्त ने कहा कि नशीले पदार्थों के संभावित बिक्री वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रस्ताव है।

उन्होंने कहा कि जिला में ऐसे संभावित स्थलों को चिन्हित किया जा रहा है और जल्द ही यहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

# सड़क हादसे में महिला की मौत

## अनियंत्रित होकर दीवार से टकराई कार, चालक पर मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
ऊना-नंगल रोड़ पर डीएवी के समीप आधी रात पेश आए सडक हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि कार सवार पति व चालक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतक महिला की पहचान रीता वशिष्ठ पत्नी रमेश चंद निवासी देहरा, जिला कांगड़ा के रूप में की गई है।

हादसे में घायल दोनों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने इस मामले को लेकर चालक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक देहरा निवासी रमेश चंद और उनकी धर्मपत्नी रीता वशिष्ठ मंगलवार रात अपनी बेटी को चंडीगढ़ एयरपोर्ट अपनी गाड़ी में ड्राप करने के लिए गए थे। बेटी को एयरपोर्ट छोडने के बाद दंपति अपनी कार में चालक चेतन कुमार के साथ घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान जिला मुख्यालय के डीएवी स्कूल के पास पहुंचने पर ड्राइवर चेतन कुमार कार पर से नियंत्रण खो बैठा और कार सडक किनारे एक दीवार से जा टकराई। हादसे में रमेश चंद उनकी धर्मपत्नी रीता वशिष्ठ और खुद कार चालक चेतन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को फौरन क्षेत्रीय अस्पताल में पहुंचाया, जहां सीता वशिष्ठ को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि दोनों अन्य घायलों को उपचाराधीन रखा गया है। डीएसपी हेड क्वार्टर अजय ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने घटना के संबंध में कार चालक चेतन कुमार के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हिमाचल में सभी मंदिरों के विकास के लिए बनेगा मास्टर प्लानः अग्निहोत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश में सरकारी नियंत्रण वाले सभी मंदिरों को नियोजित ढंग से विकसित करने के लिए मास्टर प्लान बनेगा। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बुधवार को विधानसभा में यह घोषणा करते हुए कहा कि इन मंदिरों में अलग-अलग हिस्सों में विकास कार्य नहीं होंगे, क्योंकि अभी तक छोटे-छोटे कार्यों पर बहुत अधिक पैसा खर्च किया जा चुका है और उसके अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। इसी के चलते सरकार ने अब सभी सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों को वैष्णो देवी धाम की तर्ज



पर मास्टर प्लान के तहत विकसित करने का निर्णय लिया है। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू के मूल प्रश्न के जवाब में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माता चिंतपूर्णी मंदिर परिसर में निर्माण के लिए 7.32 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं और इसके लिए 5.46 करोड़ रुपए की लागत से 1669 वर्ग मीटर जमीन का अधिग्रहण किया गया है। इसके अलावा दुकानों के निर्माण पर भी 1०86 करोड़ रुपए, सीवरेज के लिए 16 करोड़ रुपए, पेयजल योजना पर 12.24 करोड़ रुपए और म्यूजियम के लिए 11.21 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में माता चिंतपूर्णी का भव्य मंदिर बनेगा। यही नहीं, मंदिर से मुबारकपुर तक की सडक पर रोड साइड एमिनिटीज विकसित करने पर भी काम किया जा रहा है। विधायक यादवेंद्र गोमा के एक सवाल के जवाब में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार आशापुरी सहित उन सभी सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों में पुजारी नियुक्त करने की व्यवस्था करेगी, जहां अभी पूजा नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 40 मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन के हैं। उन्होंने माना कि एएसआई ने प्रदेश के प्राचीन मंदिरों को अपने अधीन तो कर लिया, लेकिन इनकी देखभाल पर कोई खर्च नहीं किया जा रहा है। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार यह मामला एएसआई के साथ उठाएगी ताकि उसके अधीन गए मंदिरों की उचित देखभाल कर उन्हें बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आशापुरी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र और इसे बचाने की जरूरत है। लेकिन इस मंदिर का मसला एएसआई के सहयोग से ही हल होगा।

विधायक सतपाल सिंह सत्ती के एक सवाल के जवाब में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जन जीवन मिशन अब समाप्त होने की ओर है और इसके तहत प्रदेश को केंद्र से अब केवल 1272 करोड़ रुपए मिलना शेष है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हिमाचल को केंद्र से कुल 5800 करोड़ रुपए स्वीकृत हुआ है।

## नकोदर राजा का तालाब जत्थे ने टेका माथा



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

नगर परिषद संतोषगढ़ के एतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर में बड़ी संख्या में जिला कांगड़ा के गुरू रविदास मंदिर नकोदर राजा तालाब के श्रद्धालुओं का जत्था माथा टेकने पहुंचा। इस अवसर पर मंदिर कमेटी ने जत्थे का स्वागत किया और सिरोपा देकर सम्मानित भी किया।

इस दौरान मंदिर में सुशोभित गुरु रविदास महाराज को माथा टेक श्रद्धालुओं ने मंदिर के प्रकिरण बारे भी जानकारियां हासिल की। संगत की मुख्य सेवादार साबो देवी, सुरिंद्र सिंह, राय सिंह, सुनीता व जोगिंदर सिंह ने बताया कि काफी समय से यहां आने के लिए योजना बना रहे थे। आखिरकार यहां आकर सभी ने माथा टेक गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया।

इसके अलावा इस जत्थे ने तप अस्थान खुरालगढ़ साहिब जाकर भी शीश नवाया। इस मौके पर संतोषगढ़ गुरु रविदास मंदिर कमेटी वरिष्ठ उप प्रधान कश्मीरी लाल सिंघा, अमरजीत सिंघा, महासचिव बलराम महे, प्रकाश चंद चारवाड़, मोहन लाल, इंदरप्रीत नारियाल, पुष्पा देवी, राकेश कुमार, देश राज, सुभाष चंद, शिवानी, अनुदेवी व आशु मौजूद रहे।

## 10 व 11 अप्रैल को शेखावत होंगे किन्नौर जिला के प्रवास पर

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत 10 व 11 अप्रैल को किन्नौर जिला के प्रवास पर होंगे। इस दौरान वह किन्नौर जिला के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण करेंगे। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का हिमाचल सरकार में राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी 10 अप्रैल को पूह हैलीपैड में स्वागत करेंगे। इसके उपरान्त वह 10 व 11 अप्रैल को जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट का निरीक्षण करेंगे।

## नगर निगम शिमला के वार्ड घटाने पर विपक्ष का विधानसभा से वाकआउट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष ने बुधवार को एक बार फिर सदन से वाकआउट किया। वाकआउट से पहले विपक्ष ने सदन में नारेबाजी भी की। विपक्ष ने यह वाकआउट सरकार द्वारा नगर निगम शिमला के वार्डों की संख्या 41 से घटाकर 34 करने के मुद्दे पर किया। इस संबंध में प्रदेश सरकार ने बीते रोज ही विपक्ष की गैर मौजूदगी में नगर निगम शिमला संशोधन विधेयक को पारित किया था। भाजपा के रणधीर शर्मा ने प्रश्नकाल के बाद नगर निगम शिमला के वार्डों की संख्या घटाने का मुद्दा उठाया और कहा कि जब विधानसभा का सत्र चल रहा है तो सरकार बार-बार अध्यादेश क्यों ला रही है। उन्होंने कहा कि जब चुनाव ही घोषित हो गए तो फिर वार्डों की संख्या कम करने का विधेयक लाना नियमों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने वार्डों की संख्या नियमों के अनुसार बढ़ाई थी, लेकिन अब राज्य चुनाव आयोग की शक्तियों का प्रयोग भी राज्य सरकार स्वयं कर रही है और चुनाव आयोग को पंगु बना दिया गया है। उन्होंने मंत्रिमंडल द्वारा अनुसूचित जाति के लिए वार्डों के आरक्षण के मापदंड बदलने का भी विरोध किया। इसी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नगर निगम शिमला के चुनाव जीतने के लिए सरकार पर मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का आरोप लगाया और कहा कि सरकार ने 11 हजार वोट रातोंरात बना दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग का काम सरकार ने अपने हाथ में ले लिया है, जिससे आयोग की स्वायतता खत्म हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने निगम चुनाव जीतने के लिए तीन बार 14 मार्च, 25 मार्च और 30 मार्च को नियमों में परिवर्तन कर दिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने ऐसे वार्डों को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया है, जिनमें महिला वोटरों की संख्या सबसे कम है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि यदि विपक्ष को इतनी ही चिंता है तो वह सदन में चर्चा करते, न कि सदन छोडकर चले जाते। उन्होंने कहा कि विपक्ष सदन में चर्चा को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कानून की परिधि में अध्यादेश और विधेयक लाया है। चौहान ने यह भी कहा कि विधेयक लाना सरकार का अधिकार है और विपक्ष इसमें दखल नहीं दे सकता। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इसी मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से पूछा कि उन्होंने तय समय पर नगर निगम शिमला के चुनाव क्यों नहीं करवाए। उन्होंने कहा कि वास्तव में भाजपा को अपनी हार का पता चल गया था। इसलिए आज भी वह चुनाव में अड़ंगा डाल रही है। उन्होंने विपक्ष पर हिमाचल के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रदेश की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। अग्निहोत्री ने कहा कि विपक्ष ने वाटर सेस का भी विरोध किया, जबकि इससे चार हजार करोड़ रुपए की आमदनी होनी है।

### अच्छा काम विपक्ष को पसंद नहीं : सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वाकआउट करके आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार ने कानून के दायरे में रह कर ही नगर निगम कानून में संशोधन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष को अच्छा काम पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर निगम शिमला के चुनाव विधानसभा चुनाव से पहले होने थे, लेकिन भाजपा ने जानबूझकर इन चुनावों को कानूनी झमेलों में डाल दिया। उन्होंने कहा कि नगर निगम कानून के तहत ही वार्डों की संख्या घटाई है और महिलाओं के लिए नए सिरे से वार्ड आरक्षित किए। उन्होंने विपक्ष को प्रदेश हित में लाए जाने वाले विधेयकों पर चर्ता की सलाह भी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### रिकांग पिओ लाईन फ ीडर के तहत आने वाले 5 गांव में 7 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**कल्पा, पंगी, तेलंगी, कोठी, खवांगी में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति**

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

अधिशाषी अभियंता विद्युत उपमंडल भोक्टू निखिल चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 के.वी रिकांग पिओ लाईन फीडर में सीमनस सर्विस टीम द्वारा सब-स्टेशन एवं लाईन की मुरम्मत कार्य के चलते इसके तहत आने वाले गांव कल्पा, पांगी, तेलंगी, कोठी, तथा खवांगी में 07 अप्रैल, 2023 को प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति की असुविधा के चलते जन साधारण से सहयोग की अपील की है।

### मंडी जिला में आयोजित होगी राज्य स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप, एसोसिएशन ने मंडी में बैठक का लिया निर्णय

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन की बैठक का आयोजन मंडी जिला के भयुली में स्थित वेट् एंड वाइल्ड सतला बीन्स स्विमिंग पूल कंपलेक्स में किया गया। समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय धीमान ने की जबकि विशेष रूप मुख्य सलाहकार रेलू राम ठाकुर ने शिरकत की। हिमाचली परंपरा अनुसार स्विमिंग एसोसिएशन ऑफ जिला मंडी के पदाधिकारियों ने हिमाचली टोपी एवं स्मृति चिन्ह देकर प्रदेश के सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया। हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने वार्षिक कार्यों का लेखा-जोखा सभी पदाधिकारियों के समक्ष रखा तथा आगामी राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का प्रस्ताव बैठक में रखा। सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने प्रस्ताव पारित किया कि राज्य स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप का आयोजन जिला मंडी में किया जाएगा। इसमें हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के लगभग 200 खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन एवं वेट् एंड वाइल्ड सतला बीन्स स्विमिंग पूल मंडी के संयुक्त तत्वाधान में हिमाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से जल्द ही जिला मंडी में स्विमिंग पूल लाइफगार्ड एवं स्विमिंग पूल इंस्ट्रक्टर कोर्स शुरू करवाए जाएंगे। इसके लिए जल्द ही अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान मनाली एवं हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के साथ पत्राचार किया जाएगा।इस मौके पर हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय धीमान, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार वालिया, मुख्य सलाहकार रेलू राम ठाकुर, राज्य महासचिव इशान अख्तर, राज्य सहसचिव नीतिश शर्मा, पदाधिकारी जेके कटोच, वरुण रतन, सुरेंद्र सोनी, हुकुम चंदेल, आरआर ठाकुर, डॉक्टर नीलम शर्मा, शिवानी ठाकुर, डॉक्टर सुशील कुमार शर्मा, अजय चौहान, सुदर्शन कुमार, किरण कुमारी शर्मा, पूजा कपूर, चेतन शर्मा, महेंद्र जमवाल, हेमंत ठाकुर इत्यादि के इलावा जिला सिरमौर, मंडी, शिमला, ऊना, कांगड़ा, बिलासपुर, कुल्लू, हमीरपुर इत्यादि जिला एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत कराड़सू में उपप्रधान निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि 13,17, 18 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश द्वारा 1 अप्रैल 2023 को जारी अधिसूचना के अंतर्गत पंचायती राज संस्थाओं के उप निर्वाचन 2023 कार्यक्रम अधिसूचित किया गया है। जिसमें कि विकासखंड निर्माण में वार्ड नंबर 13 घाट पंचायत समिति सदस्य निरमण्ड निर्वाचन के लिए, विकासखंड नगर की ग्राम पंचायत कराड़सू में उपप्रधान निर्वाचन के लिए तथा विकासखंड कुल्लू में ग्राम पंचायत शीलानाल वार्ड नंबर 5 वेधार में वार्ड सदस्य निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि 13,17, 18 अप्रैल 2023 प्रातः 11 बजे से सांय 3 बजे तक होगी।

## फर्जी डिग्रियां बेचने बाले महाविद्यालय पर विजिलेंस की जांच शीघ्र बिठाई जाएः आकाश नेगी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/विवेकानंद विवेकानंद वशिष्ठ**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रदेश मंत्री बयान जारी करते हुए कहा है कि सिरमौर जिला के नाहन में माता बाला सुंदरी लीगल स्टडीज महाविद्यालय में 2014 से वहां पर बिना स्टाफ के एलएलबी की डिग्रियां बेची जा रही है। वहां पर केवल शिक्षा को बेचने का काम किया जा रहा है। बिना अध्यापकों के ना वहां पर कोई पढ़ाई होती है, फिर भी इसके बावजूद वहां पर लगातार डिग्रियां बेचने का काम वहां के प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

महाविद्यालय में बिना स्टाफ के बेची जा रही एलएलबी की डिग्रियां-आकाश नेगी

जब इस हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे से राज्य में लगातार निजी महाविद्यालय व विश्वविद्यालय खोले जा रहे थे एतो विद्यार्थी परिषद ने इसका पुरजोर विरोध किया था, कि छोटे से प्रदेश में इतने निजी महाविद्यालय व विश्वविद्यालय खोलने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह सिर्फ एक शिक्षा का व्यापार मात्र बनकर रह जाएगा।

और आज हम देखते हैं तो हिमाचल प्रदेश के अनेकों निजी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में शिक्षा का व्यापारीकरण किया जा रहा है।

ऐसा ही एक मामला माता बाला सुंदरी महाविद्यालय नाहन का आया है वहां पर वर्ष 2014 के बाद एक भी स्टाफ नहीं है और वहां पर एलएलबी की डिग्रीयां 2014 के बाद लगातार बेची जा रही है।

उस महाविद्यालय में जिस भी विश्वविद्यालय विधि के अध्यापक वहां जाकर होटलों में बैठकर वह पैसा लेकर विद्यार्थियों का अपअं लेते हैं और उन्हें डिग्रियां बेचने का काम करते हैं। इतने सालों से वहां पर डिग्रीयां बेचने का धंधा चलाया हुआ है। नियामक आयोग व प्रशासन भी इस मामले को लेकर गहरी नींद में सोया हुआ है। वर्ष 2014 के बाद आज दिन तक पता नहीं कितने ही लाखों करोड़ों का घोटाला किया जा चुका है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि उस महाविद्यालय फर्जी डिग्रियां बेचने में संलिप्त व जो अध्यापक वहां पर जाकर अपअं लेते थे उन पर विजिलेंस की जांच की जाए। व दोषियों पर एफ आई आर करके कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए।

## बधमाणा में व्यक्ति से अवैध शराब बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना चिंतपूर्णी के तहत बधमाणा में एक व्यक्ति को अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक चिंतूपर्णी पुलिस बुधवार सुबह बुधमाणा में गश्त कर रही थी।

इस दौरान शक के आधार पर गांव के ही लखविंद्र सिंह की तलाशी ली। जिसके पास से एक पेटी अवैध शराब बरामद की। एसपी ऊना अर्जित सेन ने बताया कि पुलिस ने लखविंद्र सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 7 से 13 तक नेगी होंगे किन्नौर के प्रवास पर

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी 07 से 13 अप्रैल, 2023 तक किन्नौर जिला के प्रवास पर होंगे। इस दौरान वह एक्स.रे मशीन का उद्घाटन, एम्बूयलैंस को हरी-झंडी, वोल्वो बस की शुरूआत करेंगे। इसके अतिरिक्त, राजस्व मंत्री जन-समस्याओं को सुनेंगे व अधिकारियों के साथ बैठक करेंगें। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि जगत सिंह नेगी 07 अप्रैल को सांय 4 बजे विश्राम गृह कल्पा पहुँचेंगे। 08 अप्रैल को प्रातः 8:30 बजे छोटा-कम्बा के लिए रवाना होंगें तथा 10 बजे छोटा.कम्बा व दोपहर 2 बजे बड़ा-कम्बा में आम

**8 जगत सिंह नेगी 07 अप्रैल को सांय 4 बजे विश्राम गृह कल्पा पहुँचेंगे।**

जनता की जन-समस्याएं सुनेंगें। इसके उपरान्तए वह सांय 5 बजे हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा शुरू की जा रही टापरी बस स्टैंड से चण्डिगढ़ के लिए वोल्वो बस सेवा का शुभारंभ करेंगें। कैबिनेट मंत्री 09 अप्रैल को कल्पा विश्राम गृह में ठहराव करेंगे। जगत सिंह नेगी 10 अप्रैल को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के किन्नौर प्रवास आगमन पर उनका पूह हैलीपैड में स्वागत करेंगे तथा 10 व 11 अप्रैल को उनके साथ उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि केबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी 12 अप्रैल को प्रातः 10 बजे जिला व तहसील स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक तथा दोपहर 2 बजे एफ आर, के संवेदिकरण के लिए अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के साथ जिला सम्मेलन कक्ष रिकांग पिओ आईटीडीपी में बैठक करेंगें। 13 अप्रैल को प्रातः 9:30 बजे जगत सिंह नेगी क्षेत्रीय अस्पताल रिकांग पिओ के लिए आईसीआईसीआई बैंक रिकांग पिओ द्वारा प्रदान की गई एक्स-रे मशीन का उद्घाटन तथा 3 एम्बयूलैंस को हरी-झंडी दिखाकर रवाना करेंगें। इसके उपरान्त वह दोपहर 2 बजे स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण लाडा के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगें।

## संक्षिप्त पुनः निरीक्षण को लेकर किया गया बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर तोरूल एस रवीश की अध्यक्षता में आज उपायुक्त सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि किन्नौर अनुसूचित जनजातीय विधानसभा क्षेत्र के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 05 से 20 अप्रैल, 2023 तक चलाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी तोरूल एस रवीश ने सभी पार्टी पदाधिकारियो से आग्रह किया कि वह अपने बूथ स्तर के अधिकारियों के माध्यम से मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस दौरान फोटो-युक्त मतदाता सूचियों में नाम दर्ज करने व अपात्र तथा मृतध्स्थानान्तरित व्यक्तियों के नाम हटाने आदि के कार्य अमल में लाए जाएगें। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी भारत का नागरिक जिसकी आयु 01 जुलाई एवं 01 अक्तूबरए 2023 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहा हो वह भी अपना नाम मतदाता सूचि में शामिल करवा सकता है जिसके लिए उसे फॉर्म-6 को भरकर बीएलओ के पास जमा करवाना होगा। इसके अलावा प्रार्थी को रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड की प्रति व जन्म प्रमाण पत्र भी जमा करवाना होगा।

उन्होंने कहा कि निर्वाचक नियमावली निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के अनुसार तैयार कर दी गई है तथा इसकी एक प्रति उपमण्डलाधिकारी कार्यालय कल्पा, समस्त निर्वाचक रजीस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार/नायब तहसीलदार कार्यालय तथा संबंधित भाग प्रत्येक मतदान केंद्र में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर कांग्रस पार्टी से भागरथ नेगी, भारतीय जनता पार्टी से नागेश कुमार नेगी, बहुजन समाज पार्टी से अनिल कुमार तहसीलदार निर्वाचन जीएस राणा, नायब तहसीलदार इंद्र सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

G20
उत्तर रेलवे
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 61235395 | [illegible] | 3400 नंबर | 02 मई 2023 |
| 02 | 61235409 | सेट टी पी यू रिंग | 100 सेट्स | 02 मई 2023 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस संख्या 61235395 एवं 61235409 1022/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

Himachal Pradesh
Rural Development Department
PRESS NOTICE INVITING TENDER FOR PUBLICATION IN NEWS PAPER
E-tender for the execution of following work item rate wise is hereby invited by the Executive Engineer RDD MANDI HP, on behalf of Governor of Himachal Pradesh from contractors/ firms of appropriate class registered with HPPWD through e tendering mode:-

| Sr. No | Name of work. | Estimated Cost. (Rs) | Earnest Money. | Cost of tender form. | Time. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | [illegible] | [illegible] | [illegible] | 2000.00(Non refundable) | 9 months |

Last date of filling/uploading the tender is 12.04.2023 up to 5 PM.
Tender document and other detailed instructions can be downloaded or viewed on line from the portal [illegible] by the firm/individual.
Executive Engineer,
Rural Development Department,
Mandi Zone District Mandi H.P.
RO No. [illegible]

## बाबा साहिब सिंह जी के जन्म दिवस पर साधुओं को छकाया लंगर

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

किला बाबा साहिब सिंह जी बेदी ऊना में बुधवार को ऊना नगर के संस्थापक गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा साहिब सिंह जी बेदी के जन्म दिवस के अवसर गुरु नानक देव जी द्वारा चलाई साधुओं को लंगर छकाने की परंपरा को ताजा करते हुए उनके वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी द्वारा साधुओं के लिए लंगर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संप्रदाओं, गुलाब शाही अखाड़ों, साधू मठों से जुड़े सैंकड़ों साधू व महात्माओं द्वारा किला बाबा साहिब सिंह जी बेदी में पहुंचे। इस अवसर पर बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी तथा



सरबत परिवार द्वारा साधुओं का स्वागत किया गया व उन्हें सम्मान पूर्वक लंगर छकाया व वस्त्र सहत अन्य समग्री भेंट कर सरबत मानवता के भले की कामना करने के लिए आग्रह किया गया। बता दें कि सिख धर्म में गुरु नानक देव जी द्वारा साधुओं को लंगर छकाने की परंपरा को शुरू किया गया था, तब से ही सिख धर्म में लंगर छकाने की परंपरा आज भी कायम है। इस परंपरा को हर वर्ष ऊना नगर के संस्थापक बाबा साहिब सिंह जी बेदी के जन्म दिवस के अवसर पर साधुओं को भोजन करवाया जाता है और वस्त्र वसाहत अन्य सामग्री भेंट की जाती है। इस अवसर पर बाबा अमरजोत सिंह बेदी, बाबा तेग्वीर सिंह बेदी, बाबा सुरिंदर सिंह, दलबीर सिंह बडभागी, त्रिलोक सिंह, बलविंदर सिंह, गोपाल सिंह बालीवाल, गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला, सुखविंदर सिंह, कश्मीर सिंह, अजैब सिंह, सतनाम सिंह, जोग्मान सिंह, गगनदीप सिंह, हरदीप सिंह, दर्शन सिंह, जोग्मान सिंह, प्रकाश सिंह, तलविंदर सिंह व परमजीत सिंह सहत अन्य उपस्थित रहे।

**8 बता दें कि सिख धर्म में गुरु नानक देव जी द्वारा साधुओं को लंगर छकाने की परंपरा को शुरू किया गया था**



# अक्षरा सिंह

## के सच से खिसकी अभिमन्यु के पैरों तले जमीन, शो में आया धमाकेदार ट्विस्ट



शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में अभि के पैरों तले जमीन खिसकने वाली है. वह समझ नहीं पाएगा कि उसे हंसना चाहिए या रोना चाहिए. शो में आ गया है नया ट्विस्ट क्योंकि अक्षरा का पांच साल पुराना डर अब सच साबित होने वाला है. अभि को पता चलने वाला है कि अक्षरा ने उससे अबीर को लेकर झूठ बोला. ऐसे में जब अबीर के सामने अक्षरा आएगी तो वह उसे अच्छे से लताड़ देगा. अक्षरा डरी सहमी अभि के सामने खड़ी रहेगी.

**कैसे आया अभि के सामने अबीर का सच ?**

अक्षरा जब लगातार अभि को कॉल करेगी तो कोई सामने से फोन पिक नहीं करेगा. अक्षरा के बेटे की तबीयत बेहद नाजुक होती है. जिसकी वजह से मजबूरन उसे शहर के बेस्ट डॉक्टर को इलाज के लिए अप्रोच करना होता है. ऐसे में बाकी डॉक्टर्स अभिमन्यु का नाम सजेस्ट करते हैं. अभि के घर पहुंचने पर अक्षरा को पता चलता है कि वह छुट्टियों में बाहर गया हुआ है. इस दौरान अभि की मां अक्षरा को बहुत इंसल्ट भी करती है. बाद में रोते-रोते अक्षरा अभि का फोन ट्राय करती है. ऐसे में अभि रूही के साथ गेम्स में बिजी होता है. इस दौरान आरोही देख लेती है और अभि को बताती है कि उसका फोन बज रहा है.

**अबीर की हालत के बारे में सुन परेशान हुआ अभि**

इस दौरान आरोही कहती है कि वह स्पीकर पर फोन रखे. अभि आरोही के कहने पर फोन स्पीकर पर रखता है. जिसके बाद अक्षरा रोते हुए अभि को अबीर के बारे में बताती है. अभि पैनिक होकर अबीर की तबीयत के बारे में पूछता है. इसके बाद वह उदयपुर वापस जाने की तैयारी करता है. अब आने वाले एपिसोड में अभि के हाथों जब अबीर की रिपोर्ट्स लगेगी उससे साबित हो जाएगा कि अबीर असल में कौन है. अब आगे क्या होगा, क्या इस सच से अभि और आरोही के बीच की मुश्किलें और गहरी हो जाएंगी? क्या बिरला परिवार अक्षरा को फिर से इस तबाही का जिम्मेदार मानेगा? क्या अभि अक्षरा को माफ कर पाएगा? जानना काफी दिलचस्प होगा.

## परेश रावल के परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़, गम में डूबा परिवार, कल से ही नम हैं स्वरूप संपत की आंखें



अभिनेता परेश रावल की सास का सोमवार को निधन हो गया. परेश रावल की पत्नी स्वरूप संपत की मां डॉक्टर मृदुला संपत ने 92 साल की उम्र में आखिरी सांस ली. मृदुला संपत पेशे से डॉक्टर थीं और उन्होंने गुजराती थियेटर के एक्टर बच्चू संपत से शादी की थी.स्वरूप संपत ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी मां को श्रद्धांजलि देते हुए इसकी जानकारी दी है. स्वरूप संपत की मां 92 साल की थीं और अपने घर पर ही अंतिम सांस ली है. परेश रावल ने साल 1987 में मिस इंडिया रह चुकी स्वरूप संपत से शादी की थी. साल 1975 में परेश और स्वरूप संपत की प्रेम कहानी शुरू हुई. करीब 2 सालों बाद स्वरूप के जीवन का एक बड़ा अचीवमेंट उनका इंतजार कर रहा था.साल 1979 में स्वरूप संपत ने मिस इंडिया का खिताब अपने नाम किया. इसके बाद दोनों ने अपना-अपना करियर का सफर जारी रखा. कुछ ही सालों के प्रेम के बाद दोनों ने साल 1987 में शादी कर ली. आज दोनों के दो बच्चे आदित्य रावल, अनिरुद्ध रावल हैं. स्वरूप संपत की मां मृदुला संपत के निधन की खबर से उनका पूरा परिवार गम में डूबा है. इस बड़ी क्षति ने बॉलीवुड के सितारों ने भी श्रद्धांजलि दी है.

## करिश्मा कपूर ने झेला है परफेक्ट दिखने का दवाब? ब्राउन के लिए छोड़ा खाना, शराब पीकर काटी रातें!



करिश्मा कपूर (Karisma Kapoor) बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं. 1991 में आई 'प्रेम कैदी' (Prem Qaidi) के साथ अभिनय की शुरुआत करने वाली करिश्मा लंबे वक्त के बाद एक्टिंग की दुनिया में वापसी करने जा रही हैं. वह जल्द ही वेब सीरीज 'ब्राउन' (Brown Web Series) दिखने वाली हैं. इसमें वो रीता ब्राउन नाम की एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि पुलिस ऑफिसर की भूमिका में अपने आपको ढालने के लिए करिश्मा ने काफी मेहनत की है. उन्होंने वह सब किया है जो उनके इस किरदार को परफेक्ट बनाता है. हाल ही में करिश्मा ने अपने किरदार को लेकर न्यूज 18 से बातें कीं. बातचीत में उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने अपने रीता किरदार के लिए उन्होंने रात में खाना ही छोड़ दिया था.बातचीत के दौरान जब करिश्मा से पूछा गया कि ग्लैमरस इमेज को छोड़कर बिना मेकअप के नजर आने को लेकर वह कभी भी राजी नहीं थीं? इसका जवाब देते हुए करिश्मा ने कहा, मैं दिखाना चाहती थी कि यह किरदार कैसा है. मुझे बिना मेकअप के नजर आने में कोई दिक्कत नहीं थी. एक अभिनेत्री होने के नाते यह विकास और हर दिन सीखने के बारे में है और मैंने अपने पूरे करियर में हमेशा इसे बनाए रखा है.

आगे जब फिर करिश्मा से पूछा गया कि क्या उन्होंने हर समय खुद को अच्छा (परफेक्ट) दिखाने का दबाव महसूस किया है? करिश्मा ने जवाब देते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें हर समय पिक्चर परफेक्ट दिखने की जरूरत है. मैं सिर्फ अपने आप पर विश्वास रखती हूं. खासकर जब आप कोई किरदार निभा रहे होते हैं तो आपको उस किरदार को महसूस करने की जरूरत होती है. मैं ऐसा दबाव बिल्कुल नहीं लेती हूं और न ही सोचती हूं. मेरे लिए एक एक्ट्रेस के रूप में सभी ग्लैमर और चकाचौंध से दूर रहना, ये मेरे लिए बहुत दिलचस्प था.'

आगे बातचीत में रीटा ब्राउन के किरदार के बारे में बताते हुए करिश्मा ने खुलासा किया कि किरदार में घुसने के लिए, ज्यादा थका हुआ और उदास दिखने के लिए मेकअप नहीं किया था बल्कि उन्होंने वो ट्रिक अपनाए जो एक अभिनेता अपने करिदार के लिए करता है.

करिश्मा ने कहा कि अपने चेहरे को थका और उदास दिखाने के लिए उन्होंने शूटिंग के दौरान रात में सोने से पहले खाना छोड़ दिया था और केवल शराब पीकर रातें गुजारी. एक शराबी का किरदार निभाने के लिए, वो एक्टर्स जो शायद ही कभी पीते हैं, वो रात में खाना नहीं खाते थे और कुछ ड्रिंक्स के बाद सो जाते थे. ऐसा ही मैंने किया है. मुझे इसमें कुछ ऐसी चीजें करने की उत्सुकता थी, जो मैं आमतौर पर नहीं करती हूं. इस तरह यह मेरे लिए काफी दिलचस्प रहा. रीटा ने मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला है.

# करीना कपूर

## ने सास शर्मिला टैगोर से पूछा सवाल, बेटी-बहू में क्या फर्क है? सैफ अली खान की मां का जवाब सुन सन्न रह गई बेबो



बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान (Kareena Kapoor Khan ) और दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर (Sharmila Tagore) के बीच बॉन्डिंग

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान की मां, दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर (Sharmila Tagore) भी अपने जमाने की शानदार एक्ट्रेस रही हैं. उन्होंने कई दशकों तक सिल्वर स्क्रीन पर राज किया. हालांकि वह लंबे वक्त से फिल्मों से दूर हैं लेकिन लंबे वक्त के बाद वह अपनी फिल्म 'गुलमोहर' के जरिए बॉलीवुड में वापसी की हैं. बता दें कि 70 के दशक में अपनी खूबसूरती और शानदार एक्टिंग से दिल जीतने वाली शर्मिला टैगोर अब 70 साल की हो गई हैं. अब वह नानी और दादी भी बन चुकी हैं.

इसके बावजूद भी वह बेहद सुंदर और शांत हैं. इसी बीच शर्मिला टैगोर ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बातें की. इसके साथ ही उन्होंने बेटी और बहू के बीच का फर्क बताता अपने चाहनों का वाला दिल जीत लिया है. हालांकि करीना के एक्सप्रेशन से बिल्कुल नहीं लगा कि वह अपनी सास से कुछ इस तरह जवाब दे कर उम्मीद कर रही थीं.जी हां! हाल में शर्मिला टैगोर अपनी बहू रानी एक्ट्रेस करीना कपूर खान (Kareena Kapoor Khan) के रेडियो टॉक शो 'वॉट वुमेन वॉन्ट' (What Women Want) में पहुंचीं. जहां उन्होंने दिल खोल कर अपनी बहू- बेटे सहित अपने पूरे परिवार के बारे में बातें की.शो के दौरान जब करीना ने अपनी सास शर्मिला से 'बेटी और बहू के बीच का फर्क होता है' से संबंधित सवाल पूछा तो दिग्गज एक्ट्रेस ने इसका बहुत ही शानदार जवाब दिया. शर्मिला ने इस सवाल का बड़े ही अलग अंदाज में जवाब देते हुए कहा, 'बेटियां वह होती हैं, जिनके साथ आप बड़े होते हो, ऐसे में आप उसके टेम्परामेंट को अच्छे समझते हैं. जैसे आप ये बखूबी जानते हैं कि क्या बातें उसे गुस्सा दिलाती हैं. आपको यह भी पता रहता है उन चीजों से कैसे डील करना होता है और जिसे आप बेहतरीन तरीके से डील भी करते हैं, लेकिन बहू से आप उस वक्त मिलते हैं, जब वह पूरी तरह से एडल्ट यानी परिपक्व हो चुकी होती है.

शर्मिला ने आगे कहती हैं, 'बहू एडल्ट हो चुकी होती है, इसलिए आप उसके टेम्परामेंट को नहीं जानते हैं. ऐसे में उसे जानने में थोड़ा वक्त तो लगेगा ही. इसलिए जब एक नई लड़की आपके घर आपकी बहू बनकर आती है.

## NAREDCO की उप्र सरकार से जमीन के बकाये के लिए 'समाधान योजना' लाने की मांग

**लखनऊ।** रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन नारेडको की उत्तर प्रदेश इकाई ने राज्य सरकार से केंद्र और हरियाणा की तरह विवाद समाधान योजना लाने का आग्रह किया है, ताकि नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बिल्डर विकास प्राधिकरणों को अपने जमीन बकाया का निपटान कर सकें। सोमवार को नारेडको-उप्र के अध्यक्ष आर के अरोड़ा ने उप्र सरकार के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त( आईआईडीसी ) मनोज कुमार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लंबित भूमि बकाया के मुद्दे पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने हरियाणा की 'समाधान से विकास' और केंद्र की 'विवाद से विश्वास' योजना के समान एक समाधान नीति लाने का अनुरोध किया।नारेडको ने सिंह के समक्ष प्रस्तुतीकरण में कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे के विकास प्राधिकरणों ने भूमि के बकाया की वसूली को बिल्डरों के खिलाफ भू आवंटन रद्द करने जैसे ''जबरिया'' कदम उठाए हैं। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल नवंबर में 10 जून, 2020 के अपने उस आदेश को वापस ले लिया था जिसमें बिल्डरों को लीज/पट्टे पर दी गई जमीन के बकाये पर ब्याज की दर आठ प्रतिशत तय की गई थी। न्यायालय के आदेश से नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बिल्डरों को झटका लगा था।



## हरित इस्पात उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये 13 कार्यबलों के गठन को मंजूरी

**नई दिल्ली।** इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हरित इस्पात उत्पादन से संबद्ध विभिन्न पहलुओं को लेकर उपायों की पहचान करने और पर्यावरण अनुकूल विनिर्माण प्रक्रिया अपनाने के लिये 13 कार्यबलों के गठन को मंजूरी दी है। मंत्री ने कहा कि ये कार्यबल कच्चे माल, प्रौद्योगिकी और नीतिगत पहल सहित हरित इस्पात उत्पादन के विभिन्न पहलुओं पर गौर करेंगे। उन्होंने कहा, ''हम भारत में पर्यावरण अनुकूल तरीके से इस्पात विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध हैं। कार्यबलों की स्थापना इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।''सिंधिया के हवाले से आधिकारिक बयान में कहा गया है, ''हमारा मानना ??है कि हरित इस्पात उत्पादन को अपनाने से न केवल पर्यावरण को लाभ होगा बल्कि नये रोजगार सृजित होंगे और आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी।'' कार्यबल में इस्पात उद्योग से जुड़े विभिन्न पक्ष, शिक्षाविद और सरकारी अधिकारी शामिल होंगे। मंत्री ने यह भी कहा कि इस्पात उत्पादकों को अपनी कोयले की अशुद्धता दूर करने की इकाइयों (वॉशरीज) की क्षमता बढ़ाने की जरूरत है ताकि कोयले के लिये आयात पर निर्भरता कम की जा सके। उन्होंने कंपनियों को कोयले के आयात के लिये नये स्रोतों की संभावना तलाशने का भी सुझाव दिया।



## संसद में बजट पर चर्चा न होने से दुखी, सफलता की कहानी है अर्थव्यवस्थाः निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आम बजट पर चर्चा नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि दोनों सदनों की कार्यवाही अबतक ठीक से नहीं चल सकी है और विपक्ष लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हथकंडे अपना रहा है। वित्त मंत्री ने साथ ही भारतीय अर्थव्यवस्था को 'सफलता की कहानी' बताया। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैं बहुत दुखी महसूस कर रही हूं क्योंकि बजट पर बहस होती, तो मुझे इसके विभिन्न सकारात्मक पहलुओं को समझाने का मौका मिलता।'' उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार साल दर साल 'ईमानदार और पारदर्शी' बजट पेश कर रही है।सुस्त वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष राजस्व संग्रह में लगातार बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति के ऊपरी संतोषजनक स्तर के आसपास बने रहने का उल्लेख करते हुए सीतारमण ने कहा कि प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, ''भारतीय अर्थव्यवस्था एक सफलता की कहानी है।''

# इंडियन ऑयल ने 2022-23 में किया शानदार प्रदर्शन, बाजार हिस्सेदारी से निवेश तक की वृद्धि

**बेगूसराय।** इंडियन ऑयल ने समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 में शानदार परिचालन प्रदर्शन किया है। इंडियन ऑयल ने इस वर्ष निवेश पर जहां अब तक की सर्वाधिक राशि खर्च की है। वहीं, पेट्रोलियम उत्पादों की बाजार हिस्सेदारी में भी सम्मानजनक वृद्धि हासिल किया है।

इस प्रदर्शन पर इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एस.एम. वैद्य ने कहा है कि चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक स्थितियों के बावजूद, हमारी टीमों की दृढ़ता और हमारे सामने आने वाली हर चुनौती से ऊपर उठने का दृढ़ संकल्प उल्लेखनीय रहा। उत्कृष्टता के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप इंडियन ऑयल ने परिचालन में बेहतरीन प्रदर्शन हासिल किया है। उन्होंने कहा है कि इंडियन ऑयल रिफाइनरियों ने पिछले वर्ष के 67.67 मिलियन मीट्रिक टन की तुलना में 72.4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक का अब तक का सर्वाधिक थ्रूपुट हासिल किया। पाइप लाइनों का उत्पादन 2021-22 में करीब 83.25 एमएमटी से बढ़कर 2022-23 के दौरान अब तक का उच्चतम 94.7 एमएमटी हो गया। इस वर्ष के दौरान करीब 2450 किलोमीटर का अब तक



का सर्वाधिक पाइपलाइन विस्तार भी दर्ज किया गया।

मार्केटिंग में इंडियन ऑयल ने साल-दर-साल लगभग 14 प्रतिशत की पीओएल बिक्री वृद्धि हासिल की है। इसकी पेट्रोलियम उत्पादों की बाजार हिस्सेदारी 2021-22 में 40.8 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 42.9 प्रतिशत हो गई। पेट्रोल की बिक्री में 19.2 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, डीजल की बिक्री में करीब 19.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एलपीजी की बिक्री में करीब एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ल्यूब्रीकेंट ब्रांड सर्वो ने 701 टीएमटी की अपनी उच्चतम बिक्री मात्रा दर्ज की। यह 2020-21 में 24.9 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 27.1 प्रतिशत तक बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि का अनुवाद करता है। इंडियन ऑयल की ग्रीस बिक्री ने भी पिछले वित्तीय वर्ष में करीब आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। मार्केटिंग नेटवर्क का विस्तार भी इंडियन ऑयल के लिए एक दृढ़ फोकस क्षेत्र रहा है। 2022-23 के दौरान, कंपनी ने 1784 आउटलेट चालू किए, जो पीएसयू की कमीशनिंग का करीब 46 प्रतिशत है। इंडियन ऑयल फ्यूल स्टेशन नेटवर्क के अब देश भर में फैले हुए 36 हजार 285 आउटलेट हैं। पिछले साल पांच एविएशन फ्यूल स्टेशन भी चालू किए, जिससे कुल संख्या 132 हो गई। सात इंडेन बॉटलिंग प्लांट के साथ कुल मिलाकर 108 तथा तीन डिपो और टर्मिनल कुल मिलाकर 120 हो गए।

शानदार परिचालन प्रदर्शन के अलावा कंपनी ने कैपेक्स उपयोग में भी प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। निवेश पर अब तक की सर्वाधिक 35 हजार 205 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई, जो आवंटित लक्ष्य का 123 प्रतिशत है। कंपनी ने अपनी खुद की परियोजनाओं में 34 हजार 388 करोड़ रुपये तथा संयुक्त उद्यमों और सहायक कंपनियों में 817 करोड़ रुपए निवेश किया है। कंपनी वर्तमान में विभिन्न पैमानों की 120 चल रही परियोजनाओं की देखरेख कर रही है, जिनकी कुल पूंजी लागत करीब 2.4 लाख करोड़ है। यह निवेश स्थाई विकास हासिल करने और भारतीय बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए इंडियन ऑयल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## विश्व बैंक ने 2023-24 में भारत की जीडीपी का अनुमान घटाकर 6.3 फीसदी किया

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में देश की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया है। विश्व बैंक ने पहले भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.6 फीसदी रहने का




अनुमान जताया था। विश्व बैंक ने जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में खपत में कमी आने की वजह से भारत की जीडीपी वृद्धि धीमी पड़कर 6.3 फीसदी पर आ सकती है, जो पहले के 6.6 फीसदी के अनुमान से कम है। विश्व बैंक ने अपने ताजा अनुमान में कहा कि खपत में धीमी बढ़ोतरी होने और चुनौतीपूर्ण बाहरी परिस्थितियों की वजह से वृद्धि दर बाधित हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कि चालू खाता घाटा नए वित्त वर्ष 2023-24 में कम होकर 2.1 फीसदी पर आ सकता है, जो बीते वित्त वर्ष 2022-23 में तीन फीसदी था। इसके अलावा विश्व बैंक की रिपोर्ट में महंगाई 6.6 फीसदी से घटकर 5.2 फीसदी पर आने का अनुमान जताया गया है।

# एडीबी का 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक के बाद एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान में कटौती की है। एडीबी ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में देश की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

एशियाई विकास बैंक ने जारी एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) अप्रैल 2023 के ताजा संस्करण में ये बात कही है। एडीबी ने कहा कि सख्त मौद्रिक रुख और तेल की कीमतों में तेजी के कारण अर्थव्यवस्था पर दबाव रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहेगी। वहीं, 31 मार्च, 2023 को बीते वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। एडीबी ने उम्मीद जताई है कि




निजी खपत और निजी निवेश में तेजी के चलते भारत की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 6.7 फीसदी हो जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक मंदी के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि दर कई दूसरी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में मजबूत है। एडीबी ने कहा कि परिवहन अवसंरचना, लॉजिस्टिक और कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने वाली सरकारी नीतियों से भी अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा उल्लेखनीय है कि इससे पहले विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में देश की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया था।

# मुकेश अंबानी फिर एशिया के सबसे धनी व्यक्ति बने : फोर्ब्स

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी एक बार फिर एशिया के सबसे धनी व्यक्ति बन गये हैं। 'फोर्ब्स' ने जारी 2023 के अरबपतियों की सूची में यह जानकारी दी। अंबानी के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी गौतम अडाणी वैश्विक सूची में खिसक कर 24वें स्थान पर आ गए हैं। अडाणी 24 जनवरी को दुनिया के तीसरे सबसे धनी व्यक्ति थे। उस समय उनकी संपत्ति 126 अरब डॉलर थी।

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के बाद उनकी संपत्ति में तेजी से गिरावट हुई। फोर्ब्स ने कहा कि अडाणी की कुल संपत्ति अब 47.2 अरब डॉलर है और वह अंबानी के बाद दूसरे सबसे धनी भारतीय हैं।अंबानी (65) 83.4 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के 9वें सबसे धनी व्यक्ति हैं। फोर्ब्स ने कहा कि पिछले साल अंबानी की रिलायंस



इंडस्ट्रीज 100 अरब डॉलर से अधिक की आय हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई। उनका कारोबार तेल, दूरसंचार से लेकर खुदरा क्षेत्र तक फैला है। फोर्ब्स के मुताबिक, दुनिया के 25 सबसे धनी लोगों की कुल संपत्ति 2,100 अरब डॉलर है। यह आंकड़ा 2022 में 2,300 अरब डॉलर था। रिपोर्ट में कहा गया कि दुनिया के शीर्ष 25 अमीरों में दो-तिहाई की संपत्ति पिछले साल घटी। सूची के मुताबिक, शिव नाडर तीसरे सबसे धनी भारतीय हैं। देश के चौथे सबसे धनी व्यक्ति का स्थान साइरस पूनावाला को मिला। इस्पात कारोबारी लक्ष्मी मित्तल 5वें, ओपी जिंदल समूह की सावित्री जिंदल 6ठे, सन फार्मा के दिलीप सांघवी 7वें और डीमार्ट के राधाकृष्ण दमानी 8वें स्थान पर हैं।

# इंडियन एनर्जी एक्सचेंज में बिजली कारोबार चार प्रतिशत घटकर 921.2 करोड़ यूनिट

**नई दिल्ली।** बिजली खरीद-बिक्री बाजार इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) में विद्युत कारोबार मात्रा इस साल मार्च में सालाना आधार पर चार प्रतिशत घटकर 921.2 करोड़ यूनिट रही। आईईएक्स ने बयान में कहा कि मासिक आधार पर कारोबार मात्रा 12 प्रतिशत बढ़ी। इंडियन एनर्जी एक्सचेंज में विद्युत कारोबार मात्रा मार्च, 2023 में



921.2 करोड़ यूनिट रही। इसमें हरित बिजली कारोबार 39.1 करोड़ यूनिट, 8.69 लाख नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (86.9 करोड़ यूनिट) और 22,881 ऊर्जा बचत प्रमाणपत्र (2.3 करोड़ यूनिट) का कारोबार हुआ।बिजली बाजार में औसत हाजिर मूल्य मार्च, 2023 के दौरान 5.25 रुपये प्रति यूनिट रहा। यह मासिक आधार पर 23 प्रतिशत कम है। इसका कारण इस इस दौरान मौसम ठंडा रहना है।

बयान के अनुसार, पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में आईईएक्स में 96.8 अरब यूनिट का कारोबार हुआ। यह सालाना आधार पर पांच प्रतिशत कम है। बिक्री के लिये कम बिजली उपलब्ध होने से कीमत में सालाना आधार पर 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# वित्त वर्ष 2022-23 में वस्तुओं का निर्यात 447 अरब डॉलर पहुंचा : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि देश का निर्यात बीते वित्त वर्ष 2022-23 में 447 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि ये आंकड़े अंतिम नहीं हैं, अंतिम आंकड़ों का इंतजार है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत के विकसित राष्ट्र बनने में लॉजिस्टिक्स नीति निर्माण का केंद्र बन गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने यहां एक्सप्रेस डिलीवरी सेवाओं पर रिपोर्ट जारी करते हुए यह बात कही। गोयल ने कहा कि लॉजिस्टिक्स की लागत को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी के माध्यम से दक्षता का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवीन विचारों से सेवाओं के एक्सप्रेस डिलीवरी में बदलाव आया है। गोयल ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के निर्यात और आयात के अंतिम आंकड़े अप्रैल मध्य तक जारी होंगे। गोयल ने



कहा कि बीते वित्त वर्ष 2022-23 में सेवाओं का निर्यात 320 अरब डॉलर को पार करने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान वस्तुओं का निर्यात लगभग छह फीसदी की वृद्धि के साथ 447 अरब डॉलर रहेगा। गोयल ने कहा कि अंतिम आंकड़ों का हमें अभी इंतजार है। इससे पिछले वित्त वर्ष में निर्यात 422 अरब डॉलर रहा था। उन्होंने कहा कि कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि, गेहूं जैसे कुछ उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात बढ़ रहा है। अपने संबोधन में गोयल ने कहा कि अंतिम आंकड़ा (वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात) 765 अरब डॉलर के करीब होगा। उन्होंने कहा मुझे आश्चर्य नहीं होगा, यदि हम वास्तव में 772 अरब डॉलर को पार कर जाएं। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि 2030 तक 2,000 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य तय करते समय वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 772 अरब डॉलर का लक्ष्य रखा था। ऐसे में अगर आंकड़े 772 अरब डॉलर के स्तर को पार करते हैं, तो शायद मैं 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य को भी बदल दूंगा। उल्लेखनीय है कि वस्तुओं के लिए व्यापार के आंकड़े लगभग 15 दिन के अंतराल पर आते हैं, जबकि सेवाओं के मामले में यह अंतराल 45 दिन का रहता है।

# भारतीय रिजर्व बैंक ने गुजरात में दो शहरी सहकारी बैंकों पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने गुजरात के दो शहरी सहकारी बैंकों - वड़ोदरा स्थित श्री छनी नागरिक सहकारी बैंक और जामनगर पीपुल्स कोऑपरेटिव बैंक पर मौद्रिक दंड लगाया है। वड़ोदरा स्थित बैंक को अपने एक निदेशक से बीमा पॉलिसी खरीदते हुए पाया गया जो एक बीमा कंपनी के एजेंट के रूप में काम कर रहा था। केंद्रीय बैंक द्वारा आयोजित बैंक के वैधानिक निरीक्षण का उल्लेख करते हुए 3 मार्च, 2023 को आरबीआई के एक बयान में कहा गया है कि वड़ोदरा स्थित बैंक ने अपने कर्मचारियों के लिए अपने एक निदेशक से बीमा पॉलिसी खरीदी थी, जो एक एजेंट भी था। बैंक ने एक ऋण स्वीकृत किया था जिसमें एक निदेशक का एक रिश्तेदार जमानत / गारंटर के रूप में खड़ा था-। हालांकि आरबीआई ने इसमें शामिल निदेशकों के नामों का




खुलासा नहीं किया, केंद्रीय बैंक ने कहा कि सहकारी बैंक निर्धारित समय-सीमा के भीतर आरबीआई को पांच धोखाधड़ी के मामलों की रिपोर्ट करने में विफल रहा, खातों का आवधिक अद्यतन नहीं किया और अपनी संपत्ति को गैर के रूप में चिन्हित नहीं किया।सहकारी बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और उसके जवाब पर विचार करने के बाद नियामक अनुपालन में कमियों के लिए 4 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह, जामनगर पीपुल्स कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर -आय निर्धारण, संपत्ति वर्गीकरण और ऋण और अग्रिमों के प्रावधान मानदंडों पर आरबीआई द्वारा जारी निर्देशों के उल्लंघन के लिए 1 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया था।

### यूके ने बच्चों की जानकारी के दुरुपयोग को लेकर TikTok पर जुर्माना लगाया

**लंदन।** ब्रिटेन ने चीनी वीडियो ऐप टिकटॉक पर 1.27 करोड़ पाउंड (लगभग 130 करोड़ रुपये) का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना बच्चों से जुड़ी निजी जानकारी के वैध तरीके से उपयोग करने में विफल रहने समेत आंकड़ा संरक्षण कानून के उल्लंघन को लेकर लगाया गया है। सूचना नियामक सूचना आयुक्त कार्यालय (आईसीओ) का अनुमान है कि टिकटॉक ने 2020 में 13 साल की उम्र के 14 लाख बच्चों को अपने मंच के उपयोग की अनुमति दी।हालांकि, कंपनी का खुद का नियम इस उम्र के बच्चों को टिकटॉक पर खाता खोलने की अनुमति नहीं देता। ब्रिटेन के आंकड़ा संरक्षण कानून के अनुसार 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सूचना सेवाएं प्रदान करते समय व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करने वाले संगठनों के पास उनके माता-पिता या देखभाल करने वालों की सहमति होनी चाहिए।

## तीन अरब डॉलर के बाद Reliance, जियो ने विदेशी मुद्रा में दो अरब डॉलर का ऋण जुटाया

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और इसकी इकाई रिलायंस जियो इन्फोकॉम ने विदेशी मुद्रा में दो अरब डॉलर का कर्ज जुटाया है। सूत्रों ने कहा कि ये कर्ज सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर विदेशी मुद्रा सुविधा के तहत जुटाया गया है। आरआईएल ने इससे पहले देश के सबसे बड़े सिंडिकेट ऋण के तहत तीन अरब डॉलर जुटाने के लिए समझौता किया था। यह वित्तपोषण 31 मार्च को पूरा हुआ था और इसके बाद दो अरब डॉलर जुटाए गए हैं।इस सौदे से जुड़े बैंकिंग सूत्रों ने कहा कि यह पिछले पांच वर्षों में किसी भारतीय कॉरपोरेट द्वारा जुटाया गया सबसे बड़ा सिंडिकेट सावधि ऋण है। इस सिंडिकेट में 55 ऋणदाता शामिल हैं। इनमें लगभग दो दर्जन ताइवानी बैंकों के साथ ही बैंक ऑफ अमेरिका, एचएसबीसी, एमयूएफजी, सिटी, एमएसबीसी, मिजुहो और क्रेडिट एग्रिकोल जैसे वैश्विक दिग्गज शामिल हैं। आरआईएल ने इसके बाद जो दो अरब डॉलर का ऋण जुटाया, उसकी शर्तें पहले जुटाए गए कर्ज के समान ही है।

## Tata International के परिचालन अधिकारी बने राजीव सिंघल

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की व्यापार और वितरण इकाई टाटा इंटरनेशनल ने राजीव सिंघल को अपना मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि सिंघल ने एक अप्रैल, 2023 से कार्यभार संभाल लिया और वह टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आनंद सेन को रिपोर्ट करेंगे। इसमें कहा गया है कि कंपनी के सभी कार्यक्षेत्र के प्रमुख, सिंघल को रिपोर्ट करेंगे। सिंघल पहले टाटा स्टील में फ्लैट उत्पादों के विपणन और बिक्री के उपाध्यक्ष थे। उन्हें इस क्षेत्र का 35 वर्ष से अधिक का अनुभव है।



## अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयास का 'कड़ा विरोध' किया

**वाशिंगटन।** चीन अपने पैंतरेबाजी से बाज नहीं आ रहा है। अब उसने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों के नाम बदलने की कोशिश की है। इस पर अमेरिका ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका भारतीय क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश पर दावा करने के चीन के प्रयासों का 'दृढ़ता से विरोध' करता है। यह हम पर और भारतीय क्षेत्र पर चीनी दावे का एक और प्रयास है। इसलिए, जैसा कि आप जानते हैं अमेरिका ने लंबे समय से उस क्षेत्र को मान्यता दी है और हम इन इलाकों का नाम बदलकर क्षेत्र के दावे को आगे बढ़ाने के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव करीन जीन-पियरे ने कहा कि यह ऐसी चीज है जिस पर हम लंबे समय से कुछ चीजों को लेकर कायम हैं। अमेरिका का यह बयान चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय द्वारा अरुणाचल प्रदेश में 11 स्थानों के नामों के मानकीकरण के बाद आया है, जिसे वह तिब्बत के दक्षिणी भाग जंगनान के रूप में संदर्भित करता है। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की कैबिनेट के स्टेट काउंसिल द्वारा जारी भौगोलिक नामों के नियमों के अनुसार अरुणाचल प्रदेश में 11 स्थानों के नाम चीनी अक्षरों, तिब्बती और पिनयिन भाषाओं में जारी किए हैं। मंत्रालय ने रविवार को 11 स्थानों के नामों की घोषणा की और दो आवासीय क्षेत्रों, पांच पर्वत चोटियों, दो नदियों और दो अन्य क्षेत्रों सहित सटीक निर्देशांक भी दिए। समाचार रिपोर्ट के अनुसार, चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने भी स्थानों के नाम और उनके अधीनस्थ प्रशासनिक जिलों की श्रेणी सूचीबद्ध की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस हरकत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की चीन की कोशिश को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है।

## भारत ने कहा- यूएन सुरक्षा परिषद में सिर्फ अस्थायी श्रेणी में विस्तार करने से नहीं होगा समस्या का समाधान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अपनी स्थायी सीट के लिए भारत के दावे का बचाव करते हुए कहा कि अस्थायी सदस्यता का विस्तार करने से दोनों श्रेणी के सदस्यों के बीच मतभेद बढ़ जाएगा। यूएनएससी को संबोधित करते हुए कंबोज ने कहा, भारत स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता के विस्तार के पक्ष में है लेकिन सिर्फ अस्थायी श्रेणी में विस्तार करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। यह स्थायी और अस्थायी सदस्यों के बीच के अंतर को और भी अधिक बढ़ा देगा और यह चीज वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों के लिए उचित नहीं है। सुरक्षा परिषद की वर्तमान संरचना समकालीन वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती है। इसमें सुधार की तत्काल आवश्यकता है।

**विस्तार के पक्ष में हैं 122 में से 113 सदस्य**

कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र के 2015 के फेमवर्क दस्तावेज का हवाला देते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र के 122 में से 113 सदस्य दोनों मौजूदा श्रेणियों में विस्तार का समर्थन करते हैं। इसका अर्थ यह है कि दस्तावेज में 90 प्रतिशत से अधिक लिखित प्रस्तुतियां दोनों श्रेणियों की सदस्यता के विस्तार के पक्ष में हैं। फिर स्थायी सदस्यता का भी विस्तार क्यों किया जाना चाहिए।

## अमेरिकी संसद में 14 अप्रैल को राष्ट्रीय सिख दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दो सांसदों के 14 अप्रैल को राष्ट्रीय सिख दिवस के रूप में मनाने के लिए संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (प्रतिनिधि सभा) में प्रस्ताव पेश किया है। संयुक्त राज्य में लोगों को मजबूत और उन्हें प्रेरित करने में सिख समुदाय के योगदान का सम्मान करते हुए सांसदों ने प्रस्ताव पेश किया है।

**यह है पूरा मामला**

प्रस्ताव में लिखा है कि 14 अप्रैल को सिख बैसाखी के रूप में मनाते हैं। खास मौके पर वह 1699 में स्थापित खालसा के आदेश को याद करते हैं। बैसाखी धर्म के इतिहास और सिखों की पहचान बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सांसद मैरी गे स्कैनलोन ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि अमेरिका के सिद्धांतों की तरह ही सिख समुदाय धार्मिक कार्यक्रमों से सार्वजनिक सेवा करता है। मैरी ने कहा कि अमेरिका की जनता देश को समृद्ध बनाने के लिए सिख समुदाय का सम्मान करती है। प्रस्ताव में कहा गया है कि बैसाखी के दिन सिख 1699 के खालसा के आदेश को याद करते हैं। अत्याचार के खिलाफ लड़ने के लिए 10वें सिख गुरु द्वारा धर्मनिष्ठ संत-सैनिक सिखों को याद करते हैं। सांसद ने कहा कि दुनिया भर में सिखों के साथ बैसाखी मनाना और अमेरिका के लिए किए गए सिखों के योगदान का सम्मान करते हुए प्रस्ताव उचित है।

## कोस्टा रिका, पनामा और कैलिफोर्निया में भूकंप के झटके, 31 किमी गहराई तक हिली धरती

**सैन जोस/ पनामा/ सैकरामेंटो।** मध्य अमेरिकी देशों कोस्टा रिका और पनामा में भूकंप के झटके महसूस किये गए। इस दौरान 31 किलोमीटर गहराई तक धरती हिल गयी। पनामा में भूकंप के कुछ देर बाद ही अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में भी भूकंप के झटके महसूस किये गए।

कोस्टा रिका में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 नापी गयी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के मुताबिक कोस्टा रिका की राजधानी सैन जोस में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गए। भूकंप का केंद्र 31 किलोमीटर गहराई में था। तात्कालिक रूप से भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

इसी तरह पनामा के तट पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.6 नापी गयी। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार भूकंप का केंद्र चिरिकि प्रांत में बोका चीका से 72 किलोमीटर दक्षिण में थे।




पनामा में भूकंप के झटके सामान्य गतिविधियों को प्रभावित करने वाले रहे। जिस समय भूकंप आया, उस समय एक फुटबाल मैच चल रहा था। मैच के दौरान धरती हिलते ही एक खिलाड़ी जमीन पर गिर गया। इस घटना का वीडियो भी स्थानीय टेलीविजन पर प्रसारित किया गया। मैदान पर कंपन और स्टेडियम की बत्तियां बुझने के कारण खेल को रोकना पड़ा। पनामा में भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में था। अमेरिकी सुनामी चेतावनी प्रणाली ने कहा कि भूकंप के बाद सुनामी का कोई खतरा नहीं है। पनामा में भूकंप आने के पांच मिनट बाद अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में भी भूकंप के झटके महसूस किये गए। कैलिफोर्निया में भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.5 नापी गयी।

## रक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने में मदद करेंगे नए अमेरिकी राजदूत

**वाशिंगटन।** भारत में अमेरिका के नए राजदूत एरिक गार्सेटी इसी माह (अप्रैल में) भारत में कामकाज संभाल सकते हैं। इस उम्मीद के बीच अमेरिका ने कहा है कि भारत में नए अमेरिकी राजदूत दोनों देशों के बीच रक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में मदद करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस सचिव केरेन जीन पिएरे ने कहा कि नए राजदूत भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। साथ ही भारत और अमेरिका के बीच रक्षा, आर्थिक आदि क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाएंगे। पिएरे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति पहले ही भारत के साथ संबंधों को दुनिया में सबसे ज्यादा अहमियत देने की बात कह चुके हैं। नए राजदूत गार्सेटी इस महत्वाकांक्षी कोशिश का नेतृत्व करेंगे और भारत के साथ क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाएंगे। साथ ही रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे और लोगों से लोगों के बीच संबंधों और



आर्थिक संबंधों को भी मजबूत करेंगे। उल्लेखनीय है कि लॉस एंजिल्स के पूर्व मेयर एरिक गार्सेटी भारत में अमेरिका के नए राजदूत नियुक्त किये गए हैं। बीते 24 मार्च को ही अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने एरिक गार्सेटी को पद और गोपनीयता का शपथ दिलाई थी। गार्सेटी का नामांकन बीते माह ही अमेरिका की संसद ने मंजूर किया था। बीते दो साल से भारत में अमेरिकी राजदूत का पद खाली है। जुलाई 2021 में राष्ट्रपति जो बाइडन ने एरिक गार्सेटी को भारत के राजदूत के रूप में नामांकित किया था लेकिन एरिक गार्सेटी पर लॉस एंजिल्स का मेयर रहते अपने स्टाफ के यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। जिसके चलते गार्सेटी का नाम अमेरिकी संसद से मंजूर नहीं हो पा रहा था। दो साल के लंबे इंतजार के बाद गार्सेटी के नाम को मंजूरी मिली और अब वह जल्द ही अपना पदभार संभाल लेंगे।

# नाटो में शामिल हुआ फिनलैंड, रूस को झटका, सुनक ने दी बधाई

**ब्रसेल्स/ लंदन।** दुनिया के सबसे बड़े सुरक्षा गठबंधन उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सूची में फिनलैंड शामिल हो गया। फिनलैंड के नाटो में शामिल होने को रूस के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं ब्रिटेन के राष्ट्रपति सुनक ने फिनलैंड को नाटो में शामिल होने पर बधाई दी है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच नाटो के विस्तार के बड़े रणनीतिक मायने निकाला जा रहा है। फिनलैंड दस्तावेजों को सौंपने के साथ ही नॉर्डिक राष्ट्र आधिकारिक तौर पर दुनिया के सबसे बड़े सुरक्षा गठबंधन का सदस्य बन गया। फिनलैंड की सदस्यता यूरोप के सुरक्षा परिदृश्य में एक बड़े बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। दूसरे विश्वयुद्ध में सोवियत संघ से अपनी हार के बाद इस देश ने तटस्थता अपनाई थी, लेकिन इसके नेताओं ने यूक्रेन पर मॉस्को के आक्रमण के कुछ महीने बाद ही संकेत दिया था कि वे नाटो गठबंधन में शामिल होना चाहते हैं। यह कदम रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए रणनीतिक और राजनीतिक रूप से झटका है। वह लंबे अरसे से शिकायत करते आए हैं कि नाटो रूस की ओर विस्तार कर रहा है।



वहीं, गठबंधन का कहना है कि इससे मॉस्को को कोई खतरा नहीं है।रूस ने चेतावनी दी कि फनलैंड की नाटो की सदस्यता से उत्पन्न सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए उसे प्रतिशोधी उपाय करने के लिए विवश होना पड़ेगा। मॉस्को ने यह भी कहा है कि अगर नाटो अपने 31वें सदस्य राष्ट्र के क्षेत्र में अतिरिक्त सैनिक या उपकरण तैनात करेगा, तो वह फिनलैंड की सीमा के पास अपनी रक्षा प्रणाली को मजबूत करेगा। फिनलैंड के विदेश मंत्री द्वारा अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को दस्तावेज सौंपे जाने के बाद नाटो की सदस्यता आधिकारिक हो गई।

नाटो की सदस्यता से संबंधित दस्तावेज अमेरिकी विदेश विभाग के पास रहते हैं। ऐतिहासिक प्रक्रिया के पूरा होने से पहले नाटो महासचिव जनरल जेन स्टोलटेनबर्ग ने ब्रसेल्स में नाटो मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि फिनलैंड की सहमति के बिना फिनलैंड में और नाटो सैनिक नहीं भेजे जाएंगे। संबंधित घटनाक्रम नाटो की 74वीं वर्षगांठ के दिन हुआ। चार अप्रैल 1949 को ही नाटो की स्थापना के लिए वाशिंगटन संधि पर हस्ताक्षर हुए थे। फिनलैंड के गठबंधन में शामिल होने वाले आग्रह को मंजूरी देने वाला तुर्किए नाटो का अंतिम देश है। उसने गुरु वार को ऐसा किया। 200 साल से किसी तरह के सैन्य गठबंधन से बचते आए पड़ोसी स्वीडन ने भी नाटो में शामिल होने के लिए आवेदन किया था, लेकिन तुर्किए और हंगरी की आपत्तियों के चलते प्रक्रिया में देरी हो रही है। रूस के साथ फिनलैंड की 1,340 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है।

इस बीच, फिनलैंड की संसद ने कहा कि उसकी वेबसाइट पर एक हमला हुआ, जिससे साइट का उपयोग करना कठिन हो गया। रूस समर्थक हैकर समूह नोनेम057 (16) ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह हमला फनिलैंड के नाटो में शामिल होने का प्रतिशोध है।

## 'भारत के साथ संबंध सबसे अहम', नए राजदूत की नियुक्ति पर व्हाइट हाउस ने दिया बड़ा बयान

**वाशिंगटन।** भारत में अमेरिका के नए राजदूत एरिक गार्सेटी की नियुक्ति पर व्हाइट हाउस ने कहा है कि नए राजदूत भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। साथ ही भारत और अमेरिका के बीच रक्षा, आर्थिक आदि क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाएंगे। बता दें कि लॉस एंजेलेस के पूर्व मेयर एरिक गार्सेटी भारत में अमेरिका के नए राजदूत होंगे। बीती 24 मार्च को ही अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने एरिक गार्सेटी को पद और गोपनीयत का शपथ दिलाई थी।



**'भारत के साथ रिश्ते बेहद अहम'**-व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केरेन जीन पिएरे ने रिपोर्टर्स को बताया कि 'राष्ट्रपति कह चुके हैं कि 'हम भारत के साथ संबंधों को दुनिया में सबसे ज्यादा अहमियत देते हैं। राजदूत गार्सेटी हमारी महत्वकांक्षी कोशिश का नेतृत्व करेंगे और भारत के साथ क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाएंगे। साथ ही रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे और लोगों से लोगों के बीच संबंधों और आर्थिक संबंधों को भी मजबूत करेंगे।' जीन पिएरे ने कहा कि राष्ट्रपति, भारत के साथ रिश्तों को बहुत अहमियत देते हैं।

**इस महीने भारत आ सकते हैं अमेरिकी राजदूत**

गौरतलब है कि इस महीने गार्सेटी भारत आ सकते हैं। गार्सेटी का नामांकन को बीते माह ही अमेरिका की संसद ने मंजूर किया था। बीते दो साल से भारत में अमेरिकी राजदूत का पद खाली है। जुलाई 2021 में राष्ट्रपति जो बाइडन ने एरिक गार्सेटी को भारत के राजदूत के रूप में नामांकित किया था लेकिन एरिक गार्सेटी पर लॉस एंजेलेस का मेयर रहते हुए अपने स्टाफ के यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। जिसके चलते गार्सेटी का नाम अमेरिकी संसद से मंजूरी नहीं हो पा रहा था। दो साल के लंबे इंतजार के बाद गार्सेटी के नाम को मंजूरी मिली और अब वह जल्द ही अपना पदभार संभाल लेंगे।

## पाकिस्तान में लग सकता है मार्शल लॉ! विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने जताई आशंका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इन दिनों भीषण आर्थिक और राजनैतिक संकट से जूझ रहा है। इस बीच, पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने संवैधानिक संकट के चलते देश में मार्शल लॉ या आपातकाल जैसी स्थिति होने की बात कही है। हालांकि उन्होंने कहा कि ये तब हो सकता है जब पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में चुनाव से संबंधित इमरान खान की पार्टी पीटीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट अपनी एक बड़ी बेंच का गठन नहीं करती है। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ पीटीआई की याचिका पर तीन जजों की बेंच द्वारा दिया गया फैसला मानने से इनकार कर दिया। पाकिस्तान के विदेश मंत्री और पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो ने सिंध प्रांत में अपनी सीट लरकाना में सोमवार को यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) और पंजाब में चुनावों पर तीन न्यायाधीशों के किसी भी फैसले को उनकी पार्टी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी फुल कोर्ट के फैसले को स्वीकार करेगी और उसे लागू करेगी।

उन्होंने कहा कि उनकी पीपीपी संविधान की रक्षा कर रही है। इसके संस्थापक जुल्फिकार अली भुट्टो ने देश को 1973 का संविधान दिया था, जिसे बाद में परवेज मुशर्रफ जैसे तानाशाहों ने खंडित कर दिया था, बावजूद इसके पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इसे बहाल कर दिया था।

**इमरान खान पर साधा निशाना**

इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तानाशाहों के बेटे और बेटियां पीटीआई में हैं। उन्होंने कहा कि तीन जजों के फैसले को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इन तीन जजों में से एक ने अपने फैसले के जरिए पिछले साल मुख्यमंत्री के चुनाव में कुछ वोटों को खारिज कर पंजाब सरकार को पीटीआई के हवाले कर दिया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में चुनाव स्थगित करने को असंवैधानिक ठहराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब प्रांत में आठ अक्टूबर तक चुनाव स्थगित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले को असंवैधानिक करार दिया, जो संघीय सरकार के लिए एक झटका है।पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने प्रांत में मतदान के लिए 14 मई की तारीख भी तय की। इस मामले पर पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल, न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर और न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन वाली पीठ ने फैसला सुनाया।

इस फैसले से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को बल मिला है। संघीय सरकार सुरक्षा मुद्दों और आर्थिक संकट का हवाला देते हुए प्रांतीय चुनाव में देरी कर रही थी। देश के मंत्रिमंडल ने शीर्ष अदालत के फैसले को खारिज कर दिया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो का उल्लेख करते हुए कहा कि 4 अप्रैल, 1979 को उनकी हत्या हुई थी और आज उसी तारीख को उच्चतम न्यायालय के एक फैसले के साथ उस दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण को दोहराया गया है। नेशनल एसेंबली में शरीफ ने दोनों फैसलों की तुलना करते हुए कहा कि आज न्याय की हत्या हुई है और यह अत्यंत खेदजनक है। उन्होंने कहा कि दुनिया जानती है कि भुट्टो का मामला एक न्यायिक हत्या का था। उन्होंने कहा कि मामले में फैसला सुनाने वाले पूर्व न्यायाधीशों में से एक ने इसे अपने संस्मरण में स्वीकार किया था। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने 22 मार्च को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत में विधानसभा चुनाव पांच महीने से अधिक समय के लिए टाल दिए। उसने यह फैसला नकदी की कमी का हवाला देते हुए किया। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी अध्यक्ष इमरान खान ने इस कदम की आलोचना की थी। शीर्ष अदालत की इमारत के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे और मुख्य प्रवेश द्वार पर पुलिस की बड़ी टुकड़ी पहरा दे रही थी। शीर्ष अदालत ने ईसीपी के फैसले को अवैध और असंवैधानिक करार दिया। अदालत ने फैसले में कहा, पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग के 22.03.2023 वाले विवादित आदेश को असंवैधानिक घोषित किया जाता है, जो बिना वैध प्राधिकार या अधिकार क्षेत्र के था, उसका कोई कानूनी प्रभाव नहीं था, इसलिए उसे रद्द किया जाता है। इसमें कहा गया है, न तो संविधान और न ही कानून निर्वाचन आयोग को संविधान के अनुच्छेद 224 (2) में प्रदान की गई 90 दिनों की अवधि से आगे चुनाव की तारीख बढ़ाने का अधिकार देता है।

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अदालत में आपराधिक मामले की सुनवाई से पहले हिरासत में लिए गए

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को वर्ष 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले एडल्ट फिल्मों की अभिनेत्री को चुप कराने के बदले में धन देने संबंधी आपराधिक मामले की सुनवाई से पहले मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय में हिरासत में ले लिया गया। वह सुनवाई के लिए मैनहट्टन की अदालत में पेश हुए थे।

ट्रंप के पहुंचने से पहले वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। ट्रंप आठ कारों के काफिले से अदालत पहुंचे। उम्मीद है कि ट्रंप के फिंगर प्रिंट लिया जाएगा और अन्य प्रक्रियाओं का भी पालन किया जाएगा। ट्रंप की तस्वीर भी ली जा सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक अदालत में अपनी पेशी से पहले ट्रंप मैनहट्टन जिला अटॉर्नी के कार्यालय में पुलिस हिरासत में हैं। वह अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जो आपराधिक मामले की सुनवाई का सामना करेंगे। वह न्यायाधीश जुआन मर्चेन के सामने आत्मसमर्पण करेंगे। अमेरिकी मीडिया ने ट्रंप के वकील के हवाले से बताया कि वर्ष 2024 में व्हाइट हाउस की दौड़ में शामिल होने के इच्छुक 74 वर्षीय रिपब्लिकन नेता अदालत के समक्ष आपराधिक मामले में दोषी होने से इनकार करेंगे। वह वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टार्मी डेनियल को धन देने की वजह से इस मामले का सामना कर रहे हैं।

*ट्रंप के पहुंचने से पहले वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। ट्रंप आठ कारों के काफिले से अदालत पहुंचे। उम्मीद है कि ट्रंप के फिंगर प्रिंट लिया जाएगा और अन्य प्रक्रियाओं का भी पालन किया जाएगा।*

अदालत में पेश होने के तुरंत बाद ट्रंप फ्लोरिडा लौट जाएंगे और शाम को पाम बीच स्थित अपने घर मार-आ-लागो में बयान देंगे। उम्मीद है कि ट्रंप के खिलाफ आरोपों की सुनवाई संक्षिप्त होगी। सुनवाई के दौरान उनपर लगे अभियोग को पढ़ा जाएगा जिसमें 10 से 15 मिनट का समय लगने की उम्मीद है। हालांकि ट्रंप ने आरोपों से इनकार किया है। जानकारी के मुताबिक ट्रंप पर कारोबार से जुड़े 30 से अधिक अभियोग लगाए गए हैं।

# चीन ने फिर नकारी गुब्बारे से अमेरिका की जासूसी की बात, लेकिन शक की वजह भी खुद दे दी

**बीजिंग।** बीते दिनों चीन के जासूसी गुब्बारे के अमेरिका के हवाई क्षेत्र में दाखिल होने का मामला खूब सुर्खियों में रहा था। हालांकि चीन ने जासूसी की बात से इनकार किया था। अब एक बार फिर चीन ने जासूसी की बात से इनकार किया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी किया है। जिसमें कहा कि अमेरिका के हवाई क्षेत्र में दाखिल हुआ अनमैन्ड एयरशिप पूरी तरह से अप्रत्याशित थी।

चीन के विदेश मंत्रालय ने

**जारी किया बयान**

चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कथित जासूसी गुब्बारे को लेकर सवाल किया गया था। जिस पर उन्होंने कहा कि हमने कई बार साफ किया है और एक बार फिर कह रहे हैं कि अनमैन्ड नागरिक एयरशिप का अमेरिकी हवाई क्षेत्र में दाखिल होना पूरी तरह से अप्रत्याशित घटना थी। चीन इस घटना को बहुत ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने को खारिज करता है।

**चीन ने शक की वजह भी खुद दी-** बता दें कि चीन का कहना है कि जिस गुब्बारे को जासूसी गुब्बारा बताया जा रहा है, वह असल में मौसम की जानकारी और रिसर्च के उद्देश्य के लिए था। हालांकि चीन ने शक की वजह भी खुद दे दी है। दरअसल कई बार पूछे जाने के बाद भी चीन ने उस कंपनी का नाम नहीं बताया है, जिसका संबंध इस गुब्बारे से है। चीन के विदेश मंत्रालय के ताजा बयान में भी गुब्बारा किस कंपनी से संबंधित था, इसकी जानकारी नहीं दी गई है।



**पेंटागन कर रहा जांच**

चीन के विदेश मंत्रालय का यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब अमेरिका के पेंटागन की प्रवक्ता सबरीना सिंह ने सोमवार को ही अपने एक बयान में कहा था कि चीन के जासूसी गुब्बारे की जांच और समीक्षा की जा रही है। पेंटागन की प्रवक्ता सबरीना सिंह ने जासूसी गुब्बारे को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि अभी की स्थिति ये है कि हम अभी भी समीक्षा कर रहे हैं कि असल में चीन ने जासूसी गुब्बारे में क्या सूचनाएं इकट्ठा की। अमेरिका के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चीन जासूसी गुब्बारे को हवा में संचालित करने में सक्षम था, ऐसे में हो सकता है कि उसने अमेरिका के सैन्य बेस की निगरानी की हो। गुब्बारे में इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल लगे थे और उन सिग्नल्स की मदद से रियल टाइम जानकारी बीजिंग भेजी जा सकती थी।

बता दें कि बीती 28 जनवरी को अमेरिका के राज्य अलास्का से एक जासूसी गुब्बारे ने अमेरिका के हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया। इसके बाद 4 फरवरी तक यह विशाल गुब्बारा अमेरिका के कई राज्यों के ऊपर से होकर गुजरा। साथ ही कई सैन्य ठिकानों के ऊपर भी गुजरा। जिसके बाद आशंका जताई जा रही है कि इस गुब्बारे की मदद से खुफिया जानकारी इकट्ठा की गई। चार फरवरी को अमेरिका ने इस गुब्बारे को निशाना बनाकर गिरा दिया था और उसके अवशेषों की जांच की जा रही है।

